mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-45 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

15 फरवरी 2025 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



रणवीर इलाहबादिया...

@ पेज 7

# 'ई-रिक्शा से जिंदा लौटे खूंटी गुरु' तेरहवीं के दिन आए वापस



**भोपाल (एजेंसी)।** महाकुंभ मेले में हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेला परिसर में कई चमत्कारिक घटनाएं भी हो रही हैं। संगम नगरी के जीरो रोड इलाके में अपना अधिकतर समय

### ● खूंटी गुरु मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ के बाद से लापता थे

बिताने वाले फक्कड़ स्वभाव के खूंटी गुरु (65 वर्षीय) ने तब उपस्थित होकर लोगों को चकित कर दिया, जब उनके लिए ब्राह्मण भोज (तेरहवीं) देने की तैयारी चल रही थी।

खूंटी गुरु मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ के बाद से लापता थे। कई दिन तक उनका कोई पता नहीं चल



पाया। इसके बाद उनके दोस्तों ने 13 ब्राह्मणों को भोज देने (तेरहवीं) की तैयारी की थी। भोज देने की तैयारी चल ही रही थी कि ई-रिक्शा से खूंटी गुरु घर पहुंच गए। दोस्तों में उन्हें जीवित खुशी की लहर दौड़ गई।

जीरो रोड इलाके में रहने वाले समाजसेवी बाबा अवस्थी ने बताया कि खूंटी गुरु 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का स्नान करने के लिए गए थे। मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ के बाद से वह घर नहीं लौटे, मोहल्ले के उनके साथियों ने कई दिनों तक उनका इंतजार किया।

समाजसेवी बाबा अवस्थी ने बताया कि खूंटी गुरु फक्कड़ किस्म के व्यक्ति हैं। भजन में अपना समय व्यतीत करते हैं। उनके पास मोबाइल फोन भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'भगदड़ की घटना के 12 दिन बीत जाने पर मोहल्ले के लोगों को आशंका हुई कि खूंटी गुरु के साथ कोई अनहोनी हो गई होगी और पिछले मंगलवार को लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ब्राह्मण भोज कराने की तैयारी की थी, तभी ई-रिक्शा से खूंटी गुरु घर पहुंच गए।'

अवस्थी ने कहा, 'सभी उन्हें देखकर चकित रहे गए। बाद में भोज के लिए बना खाना खूंटी गुरु की सकुशल वापसी की खुशी में लोगों ने आपस में बांटकर खा लिया।' उन्होंने कहा कि खूंटी गुरु से जब पूछा गया कि वह इतने दिन कहां थे, तो उन्होंने बताया कि वह मेले में नागा साधुओं के यहां भजन और भोजन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनको वहां बड़ा आनंद आ रहा था, इसलिए वह इतने दिन वहीं टिके रहे। अभय अवस्थी ने कहा कि खूंटी गुरु अविवाहित हैं। उनके परिवार में केवल एक बहन है, जिनका विवाह हो चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### बम धमाके से दहला पाकिस्तान, 9 नागरिकों की मौत

**पाकिस्तान (एजेंसी)।** आतंक को पनाह देने वाला देश पाकिस्तान खुद ही लगातार आतंकी घटनाओं की मार झेल रहा है। अब पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र से एक और आतंकी घटना की जानकारी सामने आई है। यहां कोयला खनिकों को ले जा रहा एक वाहन बम की चपेट में आ गया।



इस बम धमाके में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और करीब 7 लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है। अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तान में बम धमाके की ये घटना अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत के हरनाई जिले के शाहराग इलाके में हुई है। शुक्रवार को कोयला खनिकों को ले जा रहा वाहन बम की चपेट में आ गया। आतंकी घटना के पीड़ित लोग एक मिनी ट्रक सवार थे। अधिकारियों ने बताया है कि बम धमाके में घायल लोगों को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बलूचिस्तान प्रांत में बम धमाके और इसमें 9 लोगों की मौत की घटना के बाद पाकिस्तान कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस आतंकी घटना को लेकर अपनी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने भी जानकारी दी है कि उनके द्वारा इस घटना से जुड़े अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

### पीएम मोदी को मिला ट्रंप का साथ

**अमेरिका (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक साथ मिलकर आतंक के खिलाफ पाकिस्तान को आह्वान किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान 26/11 के मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाने के लिए अपने प्रयास में 'तेजी' लाए। ट्रंप ने इस नृशंस हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित करने को मंजूरी देने की घोषणा की है। दूसरे कार्यकाल के लिए



अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) में पीएम मोदी की मेजबानी की। दोनों नेताओं ने आतंक के मुद्दे पर मुखरता से अपना पक्ष रखा और पाकिस्तान को चेतावनी भी दी। पीएम मोदी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि उनके प्रशासन ने दुनिया के 'सबसे बुरे लोगों' में से एक (तहव्वुर राणा) को भारत प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, 'वह न्याय का सामना करने के लिए भारत वापस जा रहा है।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'हम उसे तुरंत भारत वापस भेज रहे हैं।' ट्रंप ने कहा कि इस तरह के और प्रत्यर्पण हो सकते हैं क्योंकि हमारे पास (भारत से) काफी अनुरोध हैं। मोदी ने इस फैसले के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैं राष्ट्रपति का आभारी हूं कि उन्होंने 2008 में भारत में हत्याओं को अंजाम देने वाले अपराधी को अब भारत को सौंपने का फैसला किया है। भारतीय अदालतें अब उचित कार्रवाई करेंगी।'

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कल से, दिल्ली मेट्रो छात्रों को देगी विशेष सुविधाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। राजधानी दिल्ली में भी लाखों की संख्या में छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं। छात्रों की बड़ी संख्या और परीक्षा की अहमियत को देखते हुए दिल्ली मेट्रो ने छात्रों के लिए बड़े ऐलान किए हैं। दिल्ली मेट्रो ने परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए सुचारू और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए उपायों की एक श्रृंखला शुरू की है।



छात्रों को मिलेंगी विशेष सुविधाएं?

DMRC ने ट्वीट कर के कहा- ÷15 फरवरी से 4 अप्रैल, 2025 तक दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा 2025 शुरू हो रही है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए सुचारू और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए उपायों की एक श्रृंखला शुरू की है। सीबीएसई का एडमिट कार्ड ले जाने वाले छात्रों को मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी। टिकट कार्यालय मशीनों पर टिकट खरीदते समय टिकट ऑफिस मशीन और कस्टमर केयर सेंटर पर अपने एडमिट कार्ड दिखाने वाले छात्रों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।÷

### आतिशी ने बीजेपी पर बोला हमला

## वादों को पूरा करने का इरादा नहीं, विभागों के बंटवारे को लेकर झगड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों में विभागों के आवंटन को लेकर ''आंतरिक खींचतान'' मची है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि बीजेपी वादों को पूरा करने का इरादा नहीं रखती, पार्टी के अंदर विभागों के बंटवारे को लेकर अंदरूनी खींचतान चल रही है।

आतिशी ने दावा किया कि भाजपा नेता सार्वजनिक धन के लालच में मंत्री पद को लेकर ''झगड़'' रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का अपने चुनाव घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करने का कोई इरादा नहीं है। आतिशी ने कहा, ''हमें अपने सूत्रों से पता चला है कि भाजपा वादे पूरे करने में विफल रहने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को दोषी ठहराने की योजना बना रही है। वे दावा करेंगे कि दिल्ली सरकार के पास पिछली





आप सरकार के कारण पैसा नहीं है।'' उन्होंने 'आप' सरकार के वित्तीय 'ट्रैक रिकॉर्ड' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिल्ली का बजट 2014-15 में 31,000 करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 77,000 करोड़ रुपये हो गया है। आतिशी ने कहा, ''पिछले 10 वर्षों में दिल्ली का बजट 2.5 गुना बढ़ गया है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार से विरासत में मिले कर्ज को भी चुका दिया है।''

उन्होंने मांग की कि भाजपा बिना किसी देरी के अपने सभी वादों को लागू करे विशेष रूप से महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने का वादा। हाल में संपन्न 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने वाली भाजपा ने अभी तक अपने मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद की घोषणा नहीं की है। पार्टी ने 48 सीट जीतीं, जबकि आप 22 सीट पर सिमट गई जो 2020 की 62 सीट की तुलना में काफी कम हैं।

## महाकुंभ के आयोजन में यूपी सरकार ने कितने करोड़ रुपये खर्च किए?



**लखनऊ (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में 114 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर तीनों नेताओं ने लोगों को संबोधित भी किया। इस अवसर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें हर 6 साल में कुंभ और हर 12 साल में महाकुंभ आयोजित करने का मौका मिलता है। हम जो भी गतिविधियां करते हैं, उससे हमारे पर्यटन को बढ़वा मिलता है। महाकुंभ की वजह से यूपी की अर्थव्यवस्था को 3 लाख करोड़ रुपये का बढ़वा मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग उंगली उठाते हैं और पूछते हैं कि 5000-6000 करोड़ रुपये क्यों खर्च कर दिए। यह राशि सिर्फ कुंभ पर ही नहीं बल्कि प्रयागराज शहर के जीर्णोद्धार पर खर्च की गई है। कुंभ के आयोजन में कुल 1500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं और बदले में अगर हमारी अर्थव्यवस्था को 3 लाख करोड़ रुपये का लाभ मिलता हो और यूपी की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती हो तो यह राशि उपयुक्त ही खर्च की गई है।

## पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे से गदगद हुए कांग्रेस सांसद शशि थरूर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर अमेरिका में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर अमेरिका में रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क समेत कई शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ये अमेरिकी दौरा भारत के लिए काफी खास रहा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे की सराहना की है।



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनास्ड ट्रंप द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस से जो कुछ भी हमने देखा है, वह बहुत उत्साहजनक है। हम सभी की कुछ बड़ी चिंताओं का समाधान किया गया है।

थरूर ने कहा, पीएम मोदी और ट्रंप ने व्यापार और शुल्क के सवाल पर उन्होंने एक साथ बैठकर गंभीर बातचीत करने का फैसला किया है, जो सितंबर-अक्टूबर तक समाप्त हो जाएगी। अवैध प्रवासी भारतियों के इमिग्रेशन के मुद्दे पर केवल एक चीज की कमी थी कि उन्हें वापस कैसे भेजा गया? अन्यथा उनका रुख बिल्कुल सही था। ये गुमराह युवा हैं, जिन्हें अवैध रूप से प्रवास करने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया गया है।

कांग्रेस सांसद ने कहा, रक्षा मोर्चे पर अमेरिका द्वारा हमें स्न-35 स्टील्थ विमान बेचने की प्रतिबद्धता बहुत मूल्यवान है, क्योंकि यह एक अत्याधुनिक विमान है। पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे के अब तक प्राप्त जानकारी से बहुत उत्साहित हूं।

## नहीं बचेगा संभल का कोई गुनहगार

### पुलिस ने पूरे शहर में लगवाए 74 संदिग्धों के पोस्टर

**संभल (एजेंसी)।** यूपी के संभल जिले में हुई हिंसा के मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं अब पुलिस ने अपराधियों को खोजने के लिए शहर भर में पोस्टर लगाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में संदिग्ध रूप से शामिल 74 लोगों के पोस्टर पूरे शहर में लगवाए हैं। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। शहर भर में पुलिस द्वारा लगवाए गए संदिग्धों के पोस्टर का वीडियो भी सामने आया है। फिलहाल सभी संदिग्धों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इसके लिए स्थानीय लोगों की भी मदद ली जा रही है।





**सीसीटीवी फुटेज से निकाले गए पोस्टर:** अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कैद की गई तस्वीरों से बने पोस्टरों को आरोपियों की पहचान करने में मदद के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने संवाददाताओं को बताया, ÷सीसीटीवी में दिख रहे लोग सीधे तौर पर हिंसा में शामिल थे। उनकी पहचान की पुष्टि होनी बाकी है, इसलिए उन्हें पहचानने में जनता की मदद लेने के लिए पोस्टर लगाए गए हैं।÷ उन्होंने कहा कि इन 74 उपद्रवियों की पहचान करने के लिए विश्वसनीय सुबूत देने वाले मुखबिरों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**शहर के बाहरी इलाकों में भी लगे पोस्टर:** अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने कहा कि पोस्टर न केवल संभल के शहरी इलाकों में बल्कि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भी लगाए गए हैं, ताकि लोगों तक अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाया जा सके। पुलिस के अनुसार संभल हिंसा मामले में 76 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। संभल शहर के कोट गर्वी इलाके में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इसमें चार नागरिकों की मौत हो गई थी और सुरक्षाकर्मियों सहित कई अन्य घायल हो गए थे।

## 54 सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ कार्रवाई

### महाकुंभ पर गलत सूचना फैलाने के आरोप में बड़ा एक्शन

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुम्भ 2025 की जहां एक तरफ पूरे विश्व में प्रशंसा हो रही है, वहीं दूसरी तरफ ऐसे तत्व भी कम नहीं है, जो सोशल मीडिया के जरिए फर्जी वीडियो और भ्रामक खबरें पोस्ट कर के सनातन धर्म के इस सबसे बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक समागम को बदनाम करने में लगे हुए हैं। यूपी पुलिस ऐसे कुत्सित प्रयास करने वालों से सख्ती बरत रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस सोशल मीडिया पर 24*7 पैनी नजर रख रही है। इसी क्रम में पुलिस ने अबतक 54 ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है, जो फर्जी और भ्रामक पोस्ट के जरिए जनता में अफवाह फैलाने का काम कर रहे थे।

**महाकुम्भ के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपनाई है विशेष रणनीति:**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने साइबर पेट्रोलिंग की व्यापक रणनीति तैयार की है। इसके अंतर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही भ्रामक पोस्ट की त्वरित पहचान करके उसका खंडन करना, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यूपी पुलिस इस काम में सोशल मीडिया एक्सपर्ट्स का भी सहयोग ले रही है।

उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी जानकारी को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि महाकुम्भ मेले की पवित्रता बनी रहे।

## शख्स ने ऑनलाइन मंगवाया लैपटॉप, बॉक्स खोलते ही उड़ गए होश

**संबलपुर (एजेंसी)।** जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जो कहीं न कहीं आपसे भी जुड़ा हुआ है। हर किसी ने कभी न कभी कुछ न कुछ तो ऑनलाइन जरूर ऑर्डर किया होगा। लेकिन क्या हो अगर ऑर्डर डिलीवर हो जाए, आपके पैसे भी कट जाएं और आपको आपके सामान की जगह कोई ईंट-पत्थर मिल जाए। ऐसा ही मामला संबलपुर जिले में आया है, जहां एक शख्स ने ऑनलाइन लैपटॉप ऑर्डर किया था। लेकिन जब लैपटॉप डिलीवर हुआ तो उसने इसकी अनबॉक्सिंग की। लैपटॉप के ऑर्डर की अनबॉक्सिंग करते समय शख्स ने वीडियो भी बनाया, जिसमें देखा जा सकता है कि पैकेट के अंदर से एक संगमरमर का पत्थर निकलता है।



दरअसल, ओड़िशा के संबलपुर में ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक डॉक्टर ने ऑनलाइन लैपटॉप मंगवाया था, लेकिन जब डिलीवरी हुई तो पैकेज खोलते ही उनकी आंखें फटी रह गईं। उन्हें ?61,000 के लैपटॉप की जगह एक संगमरमर का टुकड़ा मिला। मिली जानकारी के मुताबिक हॉस्पिटल रोड के निवासी डॉक्टर चौबर्ग नायक ने 4 फरवरी को एक ई-कॉमर्स वेबसाइट से लैपटॉप ऑर्डर किया था। उन्होंने सोचा था कि यह एक आसान और सुरक्षित खरीदारी होगी। लैपटॉप डिलीवर होने के बाद जब उन्होंने पैकेट खोला तो उसमें लैपटॉप की जगह सफेद संगमरमर की पट्टी निकली। इसके बाद डॉक्टर ने तुरंत ई-कॉमर्स कंपनी से संपर्क किया और शिकायत दर्ज करवाई। हालांकि जब वहां से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

# पश्चिम म.प्र. में सूर्य किरणों से बिजली अब 25250 स्थानों पर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सूरज की किरणों से बिजली तैयार कर पर्यावरण सुधार के साथ ही बिजली बिल में कमी करने को लेकर पश्चिम म.प्र. में अच्छा कार्य हुआ है। इस 12 फरवरी की स्थिति में पश्चिम म.प्र. यानि मालवा- निमाड़ में 25 हजार 250 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि सौर ऊर्जा से बिजली तैयार की जा रही है। पश्चिम म.प्र. में सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा से बिजली इंदौर शहर में 13 हजार 800 स्थानों पर तैयार हो रही है। पीएम सूर्य घर योजना लागू होने के बाद फरवरी 2024 से फरवरी 2025 के दूसरे सप्ताह तक पश्चिम म.प्र. में बारह हजार से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं ने सौर ऊर्जा उत्पादन प्रारंभ किया है। उच्चदाब और निम्न दाब के उपभोक्ताओं द्वारा अब कुल 25 हजार 250 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है। इन स्थानों में घर, बहुमंजिला इमारत, औद्योगिक परिसर, शासकीय कार्यालय की छतें, नगर निगम के कचरा ट्रांसफर स्टेशन की छतें, दुकानों की छतें, शासकीय कार्यालयों के पास की खाली जमीन इत्यादि स्थान, परिसर शामिल हैं। पीएम सूर्य घर योजना लागू होने के बाद पश्चिम मध्यप्रदेश में रूफ टॉप सोलर की कुल उत्पादन क्षमता 220 मेगावॉट से ज्यादा हो गई है। बिजली बिल में बचत, मेरी छत-मेरी बिजली की भावना के साथ ही पर्यावरण सुधार के लिए समर्पण को लेकर वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक उत्साह बना हुआ है। प्रतिदिन रूफ टॉप सोलर के लिए आवेदन बिजली कार्यालय और कंपनी के पोर्टल पर पहुंच रहे हैं। इंदौर शहर सीमा में 13800, उज्जैन जिले में 2525, देवास जिले में 1015, रतलाम जिले में 1060, खरगोन जिले में 1050, नीमच जिले में 680, मंदसौर जिले में 670 और बड़वानी जिले में 650 सोलर संयंत्र हैं।

# सिंधिया के क्षेत्र में कुंभराज काम्प्लेक्स से कैनाल वर्क अटके

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के जल संसाधन महकमे को 10969 करोड़ रुपए की लागत वाली नौ सिंचाई परियोजनाओं को टेंडर नहीं मिल पाए हैं। इन हालातों के चलते 2024 में अगस्त और सितम्बर में बुलाए गए टेंडर जल संसाधन विभाग ने निरस्त कर दिए हैं। इसमें चीतों के रहवास एरिया वाले कूनो के कटीला बांध में होने वाले निर्माण कार्य भी शामिल हैं। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा क्षेत्र शिवपुरी में पार्वती नदी पर कुंभराज काम्पलेक्स के दो बांधों से नहर बनाने का टेंडर प्रोजेक्ट भी निरस्त किया गया है। मोहन यादव सरकार के कार्यकाल में जारी किए इन नौ परियोजनाओं के टेंडर को निरस्त किए जाने के आदेश प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग ने जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि पांच माह की समय सीमा के बाद भी प्रमुख अभियंता कार्यालय को टेंडर प्रपत्र नहीं मिले हैं, इसलिए टेंडर निरस्त किए गए हैं। प्रमुख अभियंता ने चीफ इंजीनियरों को दिए निर्देश में कहा है कि अब भविष्य में काम की आवश्यकता के आधार पर टेंडर की कार्यवाही की जा सकेगी।

# एमपी मंत्रालय में स्वास्थ्य शिविर का समापन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश मंत्रालय में आयोजित पांच दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आज समापन हो रहा है। शिविर के आखिरी दिन दोपहर 1 बजे तक 80 अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। मध्य प्रदेश सचिवालय शीघ्रलेखक संघ और अजाक्स मंत्रालय शाखा द्वारा आयोजित इस शिविर में मंत्रालय के कर्मचारियों और उनके परिजनों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों की टीम ने शिविर में आए सभी लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों और दांत की जांच की। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जांच के बाद सभी मरीजों को मुफ्त दवाएं दी गईं। 10 फरवरी से चल रहे शिविर में अब तक 891 से अधिक लोगों की जांच की गई, जिनमें से लगभग 50 लोगों को आंखों के आपरेशन की सलाह दी गई। जांच में 61 कर्मचारियों को ब्लड प्रेशर और 103 को शुगर निकली है। शीघ्रलेखक संघ के प्रतिनिधि सुभाष वर्मा ने बताया कि शिविर में कर्मचारियों के साथ उनके परिजनों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई है। दवाओं के साथ कर्मचारियों को प्लस के चश्मे भी दिए गए हैं। ताकि उन्हें कुछ भी पढ़ने में दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की सुविधा को देखते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे। ताकि मंत्रालय के कर्मचारियों को नियमित सुविधा मिल सके और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति भी अधिक सजग रह सकें।

# ओरिएंटल कॉलेज में छात्र स्वयंसेवा सप्ताह, छात्रों ने की गौसेवा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के ओरिएंटल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे छात्र स्वयंसेवा सप्ताह के दौरान एनएसएस के छात्रों ने गौसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। 10 से 16 फरवरी तक चल रहे इस सप्ताह में 13 फरवरी(गुरूवार) को छात्रों ने गायत्री मंदिर की गोशाला का दौरा किया और वहां गायों को चारा खिलाया। इस अवसर पर छात्रों को गोमूत्र से निर्मित विभिन्न औषधियों और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने मंदिर परिसर में आयुर्वेदिक विधि से तैयार किए गए करेले और चुकंदर के रस का सेवन भी किया और उनके स्वास्थ्य लाभों को समझा। कार्यक्रम में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर के साथ-साथ एनएसएस स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित रहे।

# 51वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 से 26 फरवरी तक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा है कि यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट खजुराहो के एक हजार वर्ष प्राचीन मंदिरों की दिव्य आभा में 51वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जायेगा। खजुराहो स्थित कंदरिया महादेव मंदिर एवं देवी जगदंबा मंदिर प्रांगण के मध्य में आयोजित होने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समागम की भव्यता वर्ष अपने उत्कर्ष पर होगी। समारोह में इस वर्ष कई नए आयाम तथा अनुषांगिक गतिविधियां शामिल की गई हैं। सभी प्रमुख भारतीय शास्त्रीय नृत्यों कथक, भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी, ओडिसी आदि के साथ शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) प्रस्तुति की जा रही है, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज करने का प्रयास किया जाएगा।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह के मंच को बहुत ही सम्मान और आदर के साथ देखा जाता है। यहां प्रस्तुति देना किसी भी नृत्य कलाकार के लिए गर्व की बात होती है। इसे ध्यान में रखते हुए 51वें खजुराहो नृत्य समारोह में होने वाली गतिविधियों को विस्तार एवं व्यापकता देने का प्रयास किया गया है। कला प्रेमी नृत्य के साथ ही अन्य कला





माध्यमों का भी आनंद ले सकें। राज्य मंत्री श्री लोधी जनजातीय संग्रहालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 51वें खजुराहो नृत्य समारोह का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार अलंकरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। समारोह में नृत्य प्रस्तुतियां प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से प्रारम्भ होंगी।

अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, भोपाल द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, मध्यप्रदेश पर्यटन एवं छतरपुर जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाता है। इस अवसर पर संचालक संस्कृति श्री एन.पी.नामदेव, निदेशक, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी डॉ. धर्मेंद्र पारे उपस्थित रहे। सबसे लंबे वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) प्रस्तुति में निरन्तर 24 घंटे से भी अधिक नृत्य प्रस्तुतियां होंगी। यह गतिविधि आदिवर्त संग्रहालय, खजुराहो में होगी। गतिविधि का शुभारम्भ 19 फरवरी, 2025 को दोपहर 2:00 बजे होगा जो निरन्तर 20 फरवरी, 2025 को सायं 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसका नृत्य निर्देशन/संयोजन कथक नृत्यांगना तथा फिल्म अभिनेत्री श्रीमती प्राची शाह, मुम्बई एवं संगीत निर्देशन/संयोजन श्री कौशिक बसु, मुम्बई द्वारा किया जाएगा। प्रारंभिक रूप से 5-5 कलाकारों के 25 ग्रुप तैयार किये जायेंगे, जिसमें लगभग 125 कलाकार भाग लेंगे। विभागीय संगीत महाविद्यालय/विश्वविद्यालय एवं नृत्य के वरिष्ठ कलागुरुओं के साधनारत शिष्यों को प्रस्तुति के लिए अमांत्रित किया गया है।

# पेट्रोल में वैट लगाने वाला एमपी देश में पांचवां राज्य



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण जहां आम लोग परेशान हैं। वहीं विपक्ष सरकार पर मंहगाई को रोकने में नाकाम साबित होने के आरोप लगाता है। पेट्रोल, डीजल पर टैक्स लगाने के मामले में मध्य प्रदेश देश में पांचवां राज्य है। दक्षिण भारत के चार राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक के बाद मप्र में सबसे ज्यादा टैक्स लगाए जा रहे हैं। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी सामने आई है। पेट्रोल डीजल पर टैक्स के ऊपर टैक्स लगाया जा रहा है। मप्र में पेट्रोल पर 29त्न वैट, 2.5त्न रुपए प्रति लीटर वैट के साथ 1त्न उपकर लिया जाता है। डीजल पर 19त्न वैट, 1.5 रुपए प्रति लीटर वैट के साथ 1त्न उपकर लिया जा रहा है। पेट्रोल और डीजल पर सबसे कम एक-एक फीसदी टैक्स अंडमान निकोबार द्वीप समूह पर लिया जाता है। लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल पर 10-10 प्रतिशत वैट वसूला जाता है। दादरा और नगर हवेली एवं दमन एवं द्वीव में पेट्रोल पर 12.75 प्रतिशत वैट और डीजल पर 13.50त्न वैट लिया जाता है। मेघालय में पेट्रोल पर 13.50 प्रतिशत या 13.50 रुपए प्रति लीटर जो भी ज्यादा हो इसके साथ 10 पैसे प्रति लीटर प्रदूषण अधिभार लिया जाता है। वहीं डीजल पर 5 प्रतिशत या 9.50 प्रतिशत रुपए प्रति लीटर जो भी अधिक हो उसके अलावा 10 पैसे प्रति लीटर प्रदूषण अधिभार लिया जाता है। गुजरात में पेट्रोल पर 13.7 प्रतिशत वैट के साथ टाउन रेट पर 4 फीसदी उपकर वसूला जाता है।

# हिंदू-जैन परंपरा से होगी शिवराज के बेटे कुणाल की शादी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल सिंह चौहान आज विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। भोपाल के होटल ताज में जैन परिवार की बेटी रिद्धि के साथ कुणाल के विवाह की रस्में पूरी होंगी। स्नेह भोज नीलबड़ के पास वाना ग्रीन होटल में होगा।

शादी समारोह में भाग लेने के लिए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री और नेता शामिल होंगे।

भोपाल में विवाह समारोह में सीएम डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगू भाई पटेल, पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, सहित मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रियों, सभी विधायकों,



सांसदों, केन्द्रीय मंत्रियों और सभी दलों के नेता शामिल होंगे। होटल वाना ग्रीन में होने वाले नेताओं के मूवमेंट को देखते हुए पुलिस और प्रशासन अलर्ट है।

# ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप में वन अपराधों में 429 आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश वन एवं वन्य-जीव संपदा की दृष्टि से सम्पन्न प्रदेश है। विशाल वन क्षेत्र एवं वन्य-जीवों की बहुलता के कारण इनके संरक्षण, संवर्धन एवं वैज्ञानिक प्रबंधन के लिये वन विभाग द्वारा अपनी विशिष्ट पहचान बनायी गयी है। प्रदेश में 11 राष्ट्रीय उद्यान, 8 टाइगर रिजर्व, 63 सामान्य वन मण्डल और 11 परियोजना मण्डल हैं। प्रदेश में वन्य-जीवों के वास-स्थल पर बढ़ते जैविक दबाव के कारण शिकार परिवहन एवं संगठित गिरोह द्वारा राज्य एवं राज्य के बाहर ही नहीं, अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी वन्य-जीवों की तस्करी, शिकार जैसे अपराध को रोकने के अभियान चलायें जाते रहे है। वन विभाग द्वारा एक दिसम्बर, 2024 से 31 जनवरी, 2025 तक प्रदेश स्तरीय ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप चलाया गया, जिसमें वन अपराधों में 429 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग द्वारा ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप'' अंतर्गत शीत ऋतु में वन अमले द्वारा संवेदनशील वन क्षेत्रों में वनोपज एवं वन्य-जीव की सुरक्षा के लिये सामूहिक गश्ती की गयी। वनोपज के व्यापार एवं शिकार में प्रयुक्त फंदा, विद्युत करेंट, खटका को जप्त किया गया। वन्य-जीव का शिकार करने वाले आदतन आरोपियों की निगरानी की गयी। वन अमले द्वारा टाइगर रिजर्व, सामान्य वन मण्डल, परियोजना मण्डल, राष्ट्रीय उद्यान में नियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा अधीनस्थ कार्य क्षेत्र में ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप कर वन अपराधों में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव श्री शुभरंजन सेन ने बताया कि ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप के अंतर्गत वन विभाग के स्थानीय अमले द्वारा विगत 2 माह में टाइगर रिजर्व, सामान्य वन मण्डल, परियोजना मण्डल और 15 श्वान दल द्वारा दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारु संपादन करते हुए वन्य-जीव सुरक्षा के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित किया गया। पीसीसीएफ श्री सेन ने बताया कि प्रदेश में ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप'' दल में वन विभाग के 22 हजार 610 अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। दल द्वारा 931 वन अपराध प्रकरण दर्ज किये गये।

इसमें निगरानीशुदा आरोपियों की संख्या 3160, गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 429 और 328 वाहन जप्त किये गये। पीसीसीएफ श्री सेन ने बताया कि ऑपरेशन वाइल्ड ट्रेप में वन क्षेत्र में 8 लाख 28 हजार 518 किलोमीटर पैदल और 17 लाख 83 हजार 10 किलोमीटर वाहन द्वारा गश्ती की गयी। संगठित वन्य-जीव अपराध नियंत्रण एवं अन्वेषण के लिये आधुनिक तकनीक एवं प्रौद्योगिकी को अपनाया गया। उन्होंने कहा कि उक्त ऑपरेशन में समर्पण, निष्ठा एवं मेहनत से कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को विशिष्ट अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।

# मध्यप्रदेश फैसिलिटेशन काउंसिल को मिला एमएसईएफसी एक्सीलेंस अवॉर्ड 2024




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी द्वारा मध्यप्रदेश के उद्योग संचालनालय एवं एमएसएमई विभाग को मध्यप्रदेश में फैसिलिटेशन काउंसिल के विभिन्न प्रकरणों के पारदर्शिता व त्वरित निराकरण संबंधी उत्कृष्ट कार्यों के लिए गत दिवस दिल्ली में सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश ने पूर्व में वर्ष 2022, वर्ष 2023 के बाद 2024 में यह पुरस्कार लगातार तीसरी बार प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि सूक्ष्म लघु और मध्यम उधम अधिनियम 2006 एवं मध्य प्रदेश फैसिलिटेशन काउंसिल नियम 2017 अंतर्गत बायर एवं सप्लायर के मध्य विलंबित भुगतानों के लिए गठित की है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मेहमान सदर मंजिल में रुकेंगे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की साक्षी राजधानी की 126 साल पुरानी विरासत सदर मंजिल भी बनेगी। सात साल की मेहनत के बाद सदर मंजिल न सिर्फ नए रूप में तैयार हुई है, बल्कि अब यह एक हेरिटेज होटल में तब्दील हो गई है, जहां पहली बार मेहमान ठहरेंगे। इन मेहमानों के लिए 20 कमरे बुक हो चुके हैं, जिन्हें नवाबी दौर की शान-ओ-शौकत से रूबरू होने का मौका मिलेगा। इस हेरिटेज होटल में कुल 22 कमरे हैं, जिनमें से अब तक 20 की बुकिंग हो गई है। 23, 24 और 25 फरवरी को सदर मंजिल में देश की नामी कंपनियों के डायरेक्टर, सीईओ और एमडी ठहरेंगे। रेनोवेशन के बाद पहली बार इसमें मेहमान रात बिताएंगे। जीआईएस के बाद यह होटल



आम लोगों के लिए भी खोल दिया जाएगा। सदर मंजिल में बने हेरिटेज होटल की शुरुआत से पहले ट्रायल हो चुका है। ट्रायल में स्टाफ के परिवार के लोग यहां पहुंचे थे।

इस दौरान खाने का स्वाद, लाइटिंग और इंटीरियर पर खास ध्यान दिया गया। ट्रायल में होटल पास हुआ, इसलिए इसे जीआईएस से ही शुरू करने का फैसला लिया गया है। हालांकि, जीआईएस से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव या किसी मंत्री से इसका उद्घाटन कराया जा सकता है। जीआईएस के लिए भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के 60 से अधिक टू से फाइव स्टार होटलों में 1600 से अधिक कमरे बुक किए जा रहे हैं। 5 स्टार होटलों में देश के शीर्ष उद्योगपति ही ठहरेंगे। सदर मंजिल को भी 5 स्टार होटल की कैटेगरी में शामिल किया गया है। सदर मंजिल में ठहरने वालों में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन मिनेश शाह, नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी, ओमेगा पावर के एमडी हरि प्रकाश समेत सुमित अग्रवाल, कुमार वेंकटसुब्रह्मण, केतल मेहता, राहुल संघवी, लवनीश छानना, सतीश संडी, प्रणव शर्मा, विनोद भंडारी, राहुल अवस्थी, हरीश गुप्ता, विपुल यादव, आलोक बिड़ला, शाबिर खान, अतुल वैद्य और राकेश मेरखेड़कर शामिल हैं।

# स्वच्छता से ही सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार-सहकारिता मंत्री सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के संदेश को आत्मसात कर अपने कार्य क्षेत्र को भी स्वच्छ बनायें। स्वच्छता से ही सकारात्मकता का संचार होता है। जिस प्रकार हम घर और घर के आसपास स्वच्छता रखते हैं, उसी प्रकार अपने कार्यस्थल पर साफ-सफाई के लिये हर माह एक नियत तारीख पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने गुरुवार को अपेक्स बैंक मुख्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत चलाये जा रहे स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। पूरे प्रदेश में 10




हजार से अधिक सहकारी संस्थाओं के परिसरों में यह अभियान एक साथ चलाया गया। मंत्री श्री सारंग ने कहा ?कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत सहकारिता का उन्नयन, विकास और सहकारिता के माध्यम से देश का नवनिर्माण करना ही लक्ष्य है। समाज और देश के नवनिर्माण के लिये सहकारिता के माध्यम से पूरी कार्य पद्धति को सार्थक और सकारात्मक बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

उन्होंने स्वभाव और संस्कारों में भी स्वच्छता के साथ काम करने की बात कही। यह वर्ष सहकारिता के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण को समर्पित है।

मंत्री श्री सारंग ने अपेक्स बैंक मुख्यालय के भूतल पर शाखा की साफ-सफाई एवं क्लियरिंग व रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि बिजली की वायरिंग आदि को सुव्यवस्थित करवाया जाये, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की आशंका न रहे। पुराने स्क्रेप का सामान नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अपलेखित कराया जाए। वे कभी भी मुख्यालय या किसी भी शाखा का औचक निरीक्षण कर सकते हैं। प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि उनके कक्ष में व्यवस्थित रिकॉर्ड रखें और उपयुक्त साफ-सफाई हो। वाहन चालक अपने वाहन की एवं लिफ्टमैन लिफ्ट की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें।

# शौक के लिए चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

## 6 महीने में अलग-अलग जगहों से चुराई 6 बाइक्स, पुलिस ने की बरामद



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे 6 चोरी की बाइक बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बताया कि आरोपी अपने शौक पूरे करने के लिए चोरी करते थे। पकड़े गए आरोपियों में कृष्ण कुमार साकेत पिपराझांपी खुटार चौकी और सुनील कुमार साकेत खमरिया थाना माडा इलाके का रहने वाला है।

बैढ़न थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार और शासन चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी बाइक चोरी कर बेच रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग स्थानों से बाइक चुराई थीं।

बरामद की गई बाइक में से एक 7 मार्च को एनसीएल ग्राउंड से, दूसरी 22 नवंबर को बस स्टैंड बैढ़न के पास से, तीसरी 7 अक्टूबर को शहर के बाजार से, चौथी 10 फरवरी को चुन कुमारी स्टेडियम बैढ़न के सामने से चोरी की गई थी। एक बाइक बैढ़न के बाजार से चुराई गई थी, जबकि एक बिना रजिस्ट्रेशन की भी बरामद हुई है।

इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, उप निरीक्षक प्रियंका मिश्रा, उपनिरीक्षक अभिषेक पांडे, सहायक उप निरीक्षक अरविंद द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक पप्पू सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों की अहम भूमिका रही।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफएक्सीलेंस में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के निर्देशन में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन दिनांक 13 फरवरी 2025 को किया गया। कार्यक्रम में डीएमसीएफएस पुणे, डीएमसीएफएस इस हियरिंग फार मैंनबुकिं/ अनअकेडमी (ऑनलाइन मोड) प्रगतिशील एग्रोटेक/प्रगतिशील बायोटेक/उत्कर्ष आदि कंपनियों ने स्किल डेवलपमेंट/ मैन्युफैक्चरिंग/ स्टाफिंग रिक्रूटमेंट/ एडु चेक/ एग्रीकल्चर/ माइक्रो फाइनेंस आदि सेक्टर में ट्रेनिं/ रिक्रूटर/ कोऑर्डिनेटर एन ए पी एस ट्रेनिंग (अप्रेंटिक)/ काउंसलर/ टीम लीडर / मैनेजर/ सेल्स एग्जीक्यूटिव/ फील्ड ऑफिसर (टीसीओ)/ (टीसीओ)/ रिलेशनशिप ऑफिसर पदों के लिए इंटरव्यू लिए गए जिसमे कुल 293 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया। पंजीयन में कंपनी बार अभ्यर्थियों की संख्या- डीएमसीएफएस पुणे- 74 अभ्यर्थी, प्रगतिशील बायोटेक -100 अभ्यर्थी, एग्रोटेक -150 अभ्यर्थी, चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट- 175 रही। कंपनियों ने अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लेकर स्क्रुटनी कर जॉब ऑफर लेटर उनके ईमेल आईडी में प्रेषित करेंगे।

जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन डॉ ए के त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रो. विनोद कुमार साकेत के नेतृत्व में आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव में ब्रांडिंग प्रचार प्रसार एवं सोशल मीडिया समिति के संयोजक डॉ. नागेंद्र सिंह, पंजीकरण संयोजक डॉ. दिलीप कुमार सोनी, उमेश कुमार सोनी प्रो. पुष्पेंद्र कुमार शाह, नियोक्ता समन्वयक समिति के संयोजक डॉ उमेश कुमार विश्वकर्मा,आवास व्यवस्थापक राकेश कुमार प्रजापति तथा डॉ. निवेदिता लखेरा, डॉ. राजलाल पटेल, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. कोमल पांडेय डॉ. शशि कला पटेल, डॉ. कन्हैया लाल प्रजापति, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, डॉ. रितु साहू, डॉ. बृजेश सिंह चौहान, डॉ. आशुतोष पांडेय का सहयोग रहा। प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. विनोद कुमार साकेत ने सभी के प्रति सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

## गांजा तस्करी को 12 साल की सजा, 140 किलो गांजे के साथ पकड़े गए दोनों आरोपियों पर लगा 1-1 लाख जुर्माना




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में न्यायालय ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल की अदालत ने दो आरोपियों को 12-12 वर्ष की कठोर सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

24 सितंबर 2021 को बिजुरी थाना पुलिस ने खेड़िया केसर तिराहे पर कार्रवाई की। पुलिस ने एक कार से 140 किलोग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत बाजार में करीब डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई। मौके पर पुलिस ने ग्राम रानीझाप, तलवा टोला, थाना गौरेला के रहने वाले राय सिंह गोंड (32) और राकेश कुमार गोंड (30) को गिरफ्तार किया।

लोक अभियोजक पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार, आरोपियों के पास गांजे के परिवहन का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। यह मामला स्वापक औषधि तथा मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 का गंभीर उल्लंघन था। इस मामले में एक और आरोपी दुर्ग जिले के कुम्हारी निवासी राहुल चौधरी (26) है, जिसके खिलाफ न्यायालय का फैसला अभी आना बाकी है।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ की गई बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु शुक्रवार 14-02-2025 को प्रधान जिला न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर के मागदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के द्वारा समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर ने समस्त न्यायाधीशगणों को निर्देशित किया कि लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जिनमें पक्षकार के मध्य सहमति बन सकती है उसे लोक अदालत हेतु चिन्हित करें। दिनकर ने बीमा कंपनी को निर्देशित करते हुये कहा कि बीमा कंपनी राजीनामा योग्य प्रकरण को लोक अदालत हेतु चिन्हित करें ताकि आगे होने वाली प्रीसिटिंग बैठक में आवेदकों के मध्य चर्चा की जा सके।

उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ बृजेन्द्र सिंह, गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, सुउर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, लक्ष्मण डोडवे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शोभना मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला विधिक सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला, देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, विनोद कुमार श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, बाबूलाल सिंह श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्तागण राजेन्द्र सिंह परिहार, यज्ञप्रताप सिंह, सूर्यकांत पाण्डेय, उदयकमल मिश्रा,, सुजाता मिश्रा, विद्याकांत मिश्रा, धर्मोत्तम पाण्डेय, रामराज सिंह चन्देल, अरूण सिंह सेंगर, अरविंद कुमार गोस्वामी, रामभजन गुप्ता, महेश दयाल पटेल, विजय चन्द्र गौतम, महेन्द्र सिंह चौहान, महेन्द्र कुमार मिश्रा, नन्दलाल पाण्डेय, संतोष कुमार द्विवेदी, महेन्द्र कुमार मिश्रा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सत्यप्रकाश पाण्डेय असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल ऋषभ सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अमर ज्योति ने किया पद्मश्री डॉ. जैन का सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के चेयरमेन एवं अमर ज्योति नेत्रदान के मार्गदर्शक डॉ बी के जैन जी को भारत सरकार द्वारा देश का चौथा सर्वोच्च सम्मान पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा पर अमर ज्योति परिवार ने एमराल्ड ग्रीन मे संस्था संयोजक मनोहर डिगवानी के निज निवास पर सादे एवम गरिमामय कार्यक्रम में शाल पहनाकर श्री फल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डॉ जैन साहिब ने कहा यह मेरा नहीं आपके अपने परिवार के एक सदस्य का सम्मान किया गया है मैं अमर ज्योति परिवार को साधुवाद देता हू और आशीर्वाद देता हू आप इस नेक कार्य को आगे भी करते रहे।

इस अवसर पर संस्था के मार्गदर्शक योगेश ताम्रकार संयोजक मनोहर डिगवानी, कमल पुरस्वानी, मनोज अरोरा, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ नवीन कालरा, डॉ सारिका कालरा, मनमोहन माहेश्वरी हरिओम गुप्ता, ललित खुराना, सुधीर जैन, गोपी गेलानी, नरेश डिगवानी, जेठानंद वाधवानी, मनोहर भोजवानी, मनोहर आरर्तनी गोल्डन झा, मनोज वलेजा घनश्याम मंगरानी, संदीप चमड़िया, उमेश लोहिया विनोद गेलानी, दीपक वाधवानी, अनिल झुलवानी, विभाष बनर्जी, ज्ञान खटवानी, अशोक ताम्रकार, डॉ प्रकाश सिंह, मुकुल जैन, सतीश जैन रचना वर्मा एवं डिगवानी परिवार उपस्थित रहे।

## बेसबॉल बल्ले लेकर पार्कों में घूमे बजरंग दल के कार्यकर्ता, डर से भागे प्रेमी जोड़े



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में वैलेंटाइन डे पर बजरंग दल के कार्यकर्ता शहर के विभिन्न पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे हैं। बजरंग दल के यूथ विंग के संयोजक सुजीत वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता बेसबॉल के डंडे लेकर चाचा नेहरू पार्क, सेमरा बाबा मंदिर, मल्हार पार्क, महाराणा प्रताप पार्क और एनटीपीसी पार्क में गश्त लगाते रहे।

**कार्यकर्ता बोले- जो आज गुलाब देगा, वह कल छोड़ देगा:** कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे युवाओं को पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने युवतियों को चेतावनी दी कि "जो आज गुलाब देगा, वह कल छोड़ देगा।" चाचा नेहरू पार्क में 6 से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे, तो वहां मौजूद प्रेमी जोड़े डर के मारे भाग गए।

# बारातियों से भरी बस में तोड़फोड़

## बाइक चालक ने बस की हेडलाइट तोड़ी, पुलिस ने एक और आरोपी पर मामला दर्ज किया



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में गुरुवार रात बारात लेकर जा रही बस के ड्राइवर को बाइक सवार ने कट मारने के विवाद शुरू कर दिया। बाइक सवार ने बस की हेडलाइट तोड़ दी। मामले को लेकर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था पुलिस ने शुक्रवार को एक और आरोपी का नाम जोड़ा है।

जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार की देर शाम की है, जब किशोरी कुशवाह नाम का ड्राइवर राजनगर से बारात लेकर गढ़ीमलहरा की ओर जा रहा था। बस नंबर एमपी 36 पी 0299 को बाइक सवार महेश चौरसिया ने रोका और कट मारने के विवाद में गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर महेश ने डंडे से बस की हेडलाइट तोड़ दी। ड्राइवर ने गढ़ीमलहरा थाने में महेश चौरसिया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

इसके बाद शुक्रवार सुबह ड्राइवर को पता चला कि पुलिस ने शिकायत में धीरेंद्र यादव का नाम भी जोड़ दिया है। धीरेंद्र का आरोप है कि थाने में तैनात पुलिस आरक्षक जनक सिंह परिहार ने उनका नाम जानबूझकर जोड़ा है, क्योंकि उन्होंने पहले एक धारा 307 के मामले में गवाह बदलने से मना कर दिया था। इस गलत शिकायत के विरोध में ड्राइवर किशोरी कुशवाह बारातियों से भरी बस लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा और न्यायोचित कार्रवाई की मांग की।

थाना प्रभारी सुरभि शर्मा के अनुसार, पुलिस ने धीरेंद्र यादव और महेश चौरसिया दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। मामले की जांच जारी है।

# "एक शाम शहीदों के नाम" काव्य सम्मेलन का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु रीवा के समस्त छात्र शक्ति द्वारा "एक शाम शहीदों के नाम" काव्य सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के प्रख्यात कवियों ने अपनी ओजस्वी रचनाओं से शहीदों के बलिदान को नमन किया और श्रोताओं में राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल की। कार्यक्रम के संयोजक अरुणेन्द्र प्रताप सिंह, अमन सिंह बघेल, श्रेया तिवारी, अर्पित मिश्रा रहे, इस अवसर पर रविशंकर चतुर्वेदी, अमित शुक्ला, डॉ आरती तिवारी, पंकज पंडित, कामता माखन, नीरज निर्मोही, अतुल पटवारी जैसे सम्मानित कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से वीरों की गाथाओं को जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके पश्चात मंच पर कवियों ने ओज, वीररस, देशभक्ति व श्रद्धांजलि से ओत-प्रोत कविताओं का पाठ किया। श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से हर कविता का स्वागत किया और पूरे आयोजन में देशभक्ति की भावना का संचार होता रहा। इस आयोजन में रीवा संभाग के शहीद वीर जवानों के परिवार जनों को सम्मानित भी किया गया। इस कवि सम्मेलन में रीवा के कुछ प्रमुख लोगों ने अपनी सहयोगिता दी है उनमें डॉ अरुण अग्रवाल, डॉ मनमोहन सिंह, डॉ अखिलेश पटेल, डॉ शिरेश मिश्रा, डॉ नरेश बजाज, अभिमन्यु सिंह, यश सिंह, सुमित पांडेय, दिव्यप्रकाश शामिल हैं। अंत में आयोजकों ने सभी कवियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा यह संकल्प लिया कि हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों की स्मृति को चिरस्थायी बनाया जाएगा।

## अमर ज्योति ने करवाया 832 वां नेत्रदान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं भाजपा वरिष्ठ नेता दयानंद कुशवाहा ने 13 फरवरी गुरुवार को बिरला अस्पताल मे अंतिम सांस ली। निधन उपरांत वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी यादव की प्रेरणा से एवं अमर ज्योति के कमल पुरस्वानी विनोद गेलानी दिलीप सोनी संजय वाधवानी के सहयोग से प्रेरित होकर उनके सुपुत्र जितेंद्र कुशवाहा ज्ञानेंद्र कुशवाहा एवं समस्त कुशवाहा परिवार ने पिताश्री का नेत्रदान करवाने का निर्णय लिया सतगुरु की तकनीकी टीम द्वारा नेत्रदान कराया गया। अमर ज्योति के संयोजक मनोहर डिगवानी ने कहा निश्चित रूप से कुशवाहा के इस नेत्रदान से दो अंधकारमय जीवन रोशन होंगे नेत्र प्राप्त करने वाले नेत्रहीन आजीवन परिवार को दुवाए देंगे। अमर ज्योति के सदस्य विनोद गेलानी ने बताया संस्था द्वारा यह 832 वां नेत्रदान करवाया इसके पूर्व 831 नेत्रदान हो चुके हैं। समिति के मार्गदर्शक योगेश ताम्रकार, संयोजक मनोहर डिगवानी, कमल पुरस्वानी, मनोज अरोरा, नरेंद्र चंद्र गुप्ता, पुष्पराज सिंह, हरिओम गुप्ता, मनमोहन माहेश्वरी, विभाष बनर्जी, सुधीर जैन, ललित खुराना, दिलीप सोनी, प्रदीप अरोरा, विपुल हांडा, संजय वाधवानी, अनिल मोटवानी, जेठानंद वाधवानी, घनश्याम मँघरानी, श्यामलाल गुप्ता श्यामू, मनोज वलेजा, विनोद गेलानी, संदीप चमड़िया, अनिल झुलवानी, नीलांबर झा, बसंत शर्मा, संदीप धूत, दीपक वाधवानी, रूपेश वलेचा, तरुण ठक्कर, भरत आहूजा, पंकज आहूजा, मंजूषा शाह दिनेश अग्रवाल, अशोक ताम्रकार, उमेश लोहिया, डॉ प्रकाश सिंह, ज्ञान खटवानी, मनीष टेकवानी, धीरज टंडन, बलराम गुनानीसहित सभी सदस्यों ने दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के प्रति साधुवाद प्रेषित किया है।

## श्री विदुर सर्राफ मेमोरियल भारत इंटरनेशनल स्कूल की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** रामपुर बाघेलान के ग्राम तपा में स्थित श्री विदुर सर्राफ मेमोरियल भारत इंटरनेशनल स्कूल की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसी दिन विद्यालय का संचालन शुरू हुआ था, जिसे यादगार बनाने के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामपुर बाघेलान के विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं फीता काटकर किया। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के रामपुर बाघेलान के नवनियुक्त अध्यक्ष पीयूष पाण्डेय और वरिष्ठ पत्रकार संदीप गुप्ता भी उपस्थित रहे। विद्यालय के संचालक सुनील सोनी ने मंचासीन अतिथियों को फूल-माला पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सोनी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं और सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अतिथियों को विद्यालय की विशेषताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापिका पदमा सोनी, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा, "रामपुर बाघेलान क्षेत्र में यह पहली ऐसी विद्यालय है, जो आधुनिक सुविधाओं से लैस है और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। विद्यालय के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर संचालकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। आशा करता हूँ कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छुएगा।"

कार्यक्रम का समापन भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्मृति चिन्ह भेंट के साथ हुआ।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत अष्टभुजी माता मंदिर परिसर गोतरा में 130 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

## जिला पंचायत अध्यक्ष तथा कलेक्टर ने नवविवाहित जोड़ों को दी शुभकामनाएं





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत कन्या विवाह/निकाह के कार्यक्रम में अष्टभुजी माता मंदिर परिसर गोतरा में 130 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। विवाहोपरांत नव विवाहित जोड़ों ने मा अष्टभुजी का आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत कुसमी की अध्यक्ष श्यामवती सिंह तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दी तथा 49 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, उपखण्ड अधिकारी कुसमी प्रिया पाठक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ज्ञानेंद्र मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा विवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं तथा जनपद पंचायत कुसमी के कार्यालयीन स्टाफ की तरफसे गिफ्ट भी भेंट किया गया।

पूरे वैदिक रीति रिवाजों के साथ मंत्रोच्चारण के साथ सभी जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से उत्सव का माहौल था। सभी कन्याओं के माता-पिता ने पूरे सम्मान के साथ कन्यादान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की इस योजना ने सभी बेटियों के माता-पिता को चिंता से मुक्त कर दिया है। आज किसी भी गरीब को अपनी बेटी के विवाह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार न सिर्फबेटियों के गरिमामय विवाह की व्यवस्था कर रही है बल्कि उनके नए जीवन की शुरुआत के लिए 49 हजार रुपये की सौगात भी दे रही है। कन्याओं के परिजनों ने सरकार की इस पहल की सराहना की है।

कार्यक्रम में नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, पुलिस विभाग से थाना प्रभारी कुसमी, बीआरसी, उपयंत्री, सचिव, ग्रामरोजगार सहायक, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग का भी सहयोग सराहनीय रहा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम को संचालित करने में अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष गोतरा मंदिर द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया गया।

## अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में गिरा नाबालिग, डूबने से मौत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के ग्राम पोस्ता में गुलाबसागर नहर में नहाते समय 9 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान शैलेंद्र सिंह के रूप में हुई है। मृतक के पिता बंसबहादुर सिंह ने बताया कि शैलेंद्र रोज की तरह सुबह घर से निकला था। नहर में नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोगों को जब घटना की जानकारी मिली, तब तक वह पानी में डूब चुका था। सूचना मिलते ही खड्डी चौकी प्रभारी गंगा सिंह मार्को पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद बच्चे के शव को नहर से बाहर निकाला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# विचार

## चैम्पियंस ट्रॉफी में कड़ा है मुकाबला, भारत की साख दांव पर

क्रिकेट की दुनिया में एक बार फिर से चैम्पियंस ट्रॉफी की वापसी हो गई है। इसी महीने की 19 तारीख से इसका शुभारंभ पाकिस्तान की धरती से हो रहा है। इसे मिनी विश्व कप भी कहा जाता है। इस प्रतियोगिता में आईसीसी वनडे रैंकिंग की आठ टीमें भाग लेती हैं। आईसीसी ने उन देशों में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए चैम्पियंस ट्राफी की शुरुआत की जहां टेस्ट मैच नहीं खेले जाते हैं। इसीलिए पहली चैम्पियंस ट्रॉफी 1998 में बांग्लादेश में खेली गई। इसके बाद इसका आयोजन 2002 में कीनिया में हुआ। 2013 में भारत इसका विजेता रहा है। पहले यह हर दो साल पर खेली जाती थी। इस बार 50 ओवरों के फार्मेट में इसके मैच पाकिस्तान के अलावा दुबई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। इस नाते भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाएंगे। पाकिस्तान की दलील थी कि जब उसकी टीम विश्व कप खेलने भारत जा सकती है तो भारत की टीम को भी पाकिस्तान आना चाहिए। पिछले साल यह मामला काफी चर्चा में रहा कि भारत सरकार क्या रवैया अपनाएगी, अपनी टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति मिलेगी या नहीं? आखिरकार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच यह तय हुआ कि भारत अपने मैच किसी तटस्थ देश में खेलेगा। इसके लिए संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई को चुना गया जहां पहले भी भारत खेल चुका है। अब अगर भारत फाइनल या सेमी फाइनल में पहुंचता है तो भी वह अपने मैच दुबई में ही खेलेगा। हम सब जानते हैं कि भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में खटास है। इसके चलते द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इसके लिए हाइब्रिड माडल का इस्तेमाल किया जा रहा है। यानी दोनों देश तटस्थ स्थान पर खेल रहे हैं। दो साल पहले एशिया कप भी इसी आधार पर खेला गया था। भारत ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले और प्रतियोगिता में विजय भी पाई। पिछली चैम्पियंस ट्रॉफी जून- 2017 में इंग्लैंड और वेल्स में खेली गई थी। तब भारत और पाकिस्तान की भिडंत फाइनल में हुई थी और पाकिस्तान ने हमें पराजित कर दिया था। लीग मैच में तो भारत ने पाकिस्तान को हरा दिया था लेकिन फाइनल में हम उससे पार नहीं पा सके। उसके बाद यह प्रतियोगिता काफी दिनों तक स्थगित रही। अब 2025 में इसकी वापसी हो रही है। विश्व की आठ प्रमुख टीमें इसके लिए मैदान में उतरेंगी। भारत का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होगा।

# भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की हैं असाधारण उपलब्धियां

**प्रहलाद सबनानी**

**दिनांक 31 जनवरी 2025 को देश की राष्ट्रपति आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने लोक सभा एवं राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन को अपने सबोधन में, हाल ही के समय में, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलधियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा है कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी (केंद्र) सरकार अभूतपूर्व उपलधियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। और, इन निर्णयों में देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, महिलाओं, किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए उक्त भाषण में अंशों को जोड़कर इस लेख में यह बताने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार भारत में गरीब वर्ग, युवाओं, मातृशक्ति, किसानों, आदि के लिए विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं।**



आज आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा और मकान के साथ साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समस्त परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 5 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि का खर्च किए जाने की योजना है। इसी प्रकार, गांव में गरीबों को उनकी आवासीय भूमि का हक देने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभी तक 2 करोड़ 25 लाख सम्पत्ति कार्ड जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लगभग 11 करोड़ किसानों को पिछले कुछ महीनों में 41,000 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ नागरिकों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। आज मध्यम वर्ग को मकान/फ्लैट खरीदने के लिए लोन पर सब्सिडी भी दी जा रही है एवं रेरा जैसा कानून बनाकर मध्यम वर्ग के स्वयं के मकान सम्बंधी सपने को सुरक्षा दी गई है। देश के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आयुषमान भारत योजना चलाई जा रही है। अब इस योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया गया है। इन वरिष्ठ नागरिकों को प्रत्येक वर्ष में पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।

केंद्र सरकार द्वारा आज युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिये जाएंगे। पेपर लीक की घटनाओं को रोकने और भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नया कानून लागू किया गया है।सहकार से समृद्धि की भावना पर चलते हुए सरकार ने 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। जब देश के विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिलने लगता है तभी विकास सार्थक होता है। गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिलने से उसमें जो सशक्तिकरण का भाव पैदा होता है, वो गरीबी से लड़ने में उसकी मदद करता है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बने 12 करोड़ शौचालय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क दिए गए 10 करोड़ गैस कनेक्शन, 80 करोड़ जरूरतमंदों को राशन, सौभाग्य योजना, जल जीवन मिशन जैसी अनेक योजनाओं ने गरीब को ये भरोसा दिया है कि वो सम्मान के साथ जी सकते हैं। ऐसे ही प्रयासों की वजह से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त करके आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। इन्होंने नियो मिडिल क्लास का एक ऐसा समूह तैयार किया है, जो भारत की ग्रोथ को नई ऊर्जा से भर रहा है। उड़ान योजना ने लगभग डेढ़ करोड़ लोगों का हवाई जहाज में उड़ने का सपना पूरा किया है। जन औषधि केंद्र में 80 प्रतिशत रियायती दरों पर मिल रही दवाओं से, देशवासियों के 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बचे हैं। हर विषय की पढ़ाई के लिए सीटों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी का बहुत लाभ मध्यम वर्ग को मिला है।

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में पच्चीस हजार बस्तियों को जोड़ने के लिए 70,000 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की हैं। आज जब हमारा देश अटल जी की जन्म शताब्दी का वर्ष मना रहा है, तब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उनके विजन का पर्याय बनी हुई है। देश में अब 71 वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेन चल रही हैं, जिनमें पिछले छह माह में ही 17 नई वंदे भारत और एक नमो भारत ट्रेन को जोड़ा गया है।

आगे आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास में देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति के योगदान को बढ़ाना ही होगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की दस करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक लिंकेज के माध्यम से वितरित की गई है। केंद्र सरकार ने देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने लक्ष्य निर्धारित किया है। आज एक करोड़ 15 लाख से भी अधिक लखपति दीदी एक गरिमामय जीवन जी रही हैं। इनमें से लगभग 50 लाख लखपति दीदी, बीते 6 महीने में बनी हैं। ये महिलाएं एक उद्यमी के रूप में अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं। भारत में सभी के लिए बीमा की भावना के साथ कुछ महीने पूर्व ही बीमा सखी अभियान भी शुरू किया गया है। बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि सखियां नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा दे रही हैं और पशु सखियों के माध्यम से देश का पशुधन मजबूत हो रहा है। आज भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। आज बालिकाओं की भर्ती राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में भी प्रारंभ हो गई है। नेशनल डिफेंस अकैडमी में भी महिला कैडेट्स की भर्ती शुरू हो गई है।

पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल ने युवाओं को रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए हैं। पिछले दो वर्षों में सरकार ने, रिकॉर्ड संख्या में दस लाख स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। युवाओं के बेहतर कौशल और नए अवसरों के सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपए का पैकेज केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप की व्यवस्था से युवाओं को ग्राउंड पर काम करने का अनुभव प्राप्त होगा। आज भारत में डेढ़ लाख से अधिक स्टार्टअप हैं जो इनोवेशन के स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपए की लागत से स्पेस सेक्टर में वेंचर कैपिटल फंड की शुरुआत भी की गई है। आज भारत क्यूएस वर्ल्ड फ्यूचर स्किल इंडेक्स 2025 में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अर्थात, फ्यूचर ऑफ वर्क श्रेणी में,ह्र और डिजिटल तकनीक अपनाने में भारत दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भी भारत की रैंकिंग 76 से सुधर कर 39 हो गई है। यह सब भारतीय युवाओं के भरोसे ही सम्भव हो पा रहा है।

देश में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था तैयार की जा रही है। कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे, इसीलिए मातृभाषा में शिक्षा के अवसर दिये जा रहे हैं। विभिन्न भर्ती परीक्षाएं तेरह भारतीय भाषाओं में आयोजित कर, भाषा संबंधी बाधाओं को भी दूर किया गया है।

# प्रतिस्पर्धा नहीं बालमन को चाहिए मोटिवेशन

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर परीक्षाओं से पहले देश के परीक्षार्थी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों से मन की बात के माध्यम से संवाद कायम कर मोटिवेट करने की बडी पहल की है। मन की बात में परीक्षा पर चर्चा के आठवें संस्करण का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण और सामयिक हो जाता है कि आने वाले दिनों में सीबीएसई और राज्यों के बोर्डों की परीक्षाएं होने जा रही है। देश के प्रधानमंत्री की संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था और इसके साइड इफेक्ट को समझते हुए संवाद कायम करना अपने आप में महत्व रखता है। देश के लगभग सभी कोनों से तनाव, शिक्षकों और अभिभावकों की अतिमहत्वाकांक्षा के चलते बच्चों द्वारा डिप्रेशन में जाने और अपनी जीवन लीला समाप्त करने के समाचार आम होते जा रहे हैं। हांलाकि शिक्षा नगरी कोटा बच्चों की आत्महत्या के लिए बदनाम हो गया है पर कोटा से अधिक आत्महत्याएं देश के अन्य हिस्सों में भी हो रही है। हांलाकि कोचिंग हब कोटा को आत्महत्याओं के दाग को धोने के लिए सार्थक प्रयास करने होंगे। खैर यह विषयांतर होगा। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक जिम्मेदार अभिभावक की भूमिका निभाते हुये ना केवल परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई की है अपितु अध्यापकों और पैरेंट्स को भी स्पष्ट संदेश दिया है।

इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि बच्चों के कोमल मन को प्रतिस्पर्धा के बोझ तले दबाने में आज घर, परिवार, समाज, शिक्षा केन्द्र और सोशियल मीडिया प्रमुखता से नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। पता नहीं शिक्षा व्यवस्था में भी यह किस तरह का बदलाव है कि 20-21 वीं सदी में दसवीं पास करना बड़ी बात माना जाता था तो परीक्षा देने वाले लाखों बच्चों में से फर्स्ट डिविजन कुछ हजार तक ही रहते थे उसके बाद लगभग दोगुणे द्वितीय श्रेणी में व बाकी तीसरी डिविजन में संतोष कर लेते थे। आज हालात यह है कि परीक्षा देने वाले अधिकांश बच्चों के मार्क्स तो 90 प्रतिशत या इससे अधिक ही होते हैं। 80 से 90 प्रतिशत तक उससे कम और पर उनसे भी कम बच्चें इससे कम प्रतिशत में होते हैं। यहां सवाल परीक्षा प्रणाली को लेकर हो जाता है तो दूसरी और प्रतिस्पर्धा की यह खिचड़ी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों और खासतौर से उनके पैरेंटस में होने लगी है। अब तो हो यह गया है कि पैरेंट्स की प्रतिष्ठा के लिए बच्चों की बली चढ़ाई जाने लगी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सही ही कहा है कि कूकर के प्रेशर की तरह बच्चों को प्रेशर में रखना ही अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका में आ गया है। अब अभिभावक दिशा देने वाले के स्थान पर अपनी कुंठा को बच्चों से पूरा कराने में जुटे हैं। यह वास्तविकता है। बच्चें की लगन किसी और दिशा में होती है और उससे अपेक्षा कुछ और करने या बनाने की होने लगती है। कुछ बच्चों का कोमल मन यह प्रेशर सहन नहीं कर पाता है और डिप्रेशन या मौत को गले लगा लेते हैं और फिर पैरेंट्स आंसू पूछते रह जाते हैं।

परीक्षा पर चर्चा की अच्छी बात यह है कि देश के 3.30 करोड़ बच्चों, 20 लाख शिक्षकों और साढ़े पांच लाख से अधिक अभिभावक इससे जुड़े। मोदी जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए क्रिकेट का उदाहरण देते हुए बैटिंग करने वाले खिलाड़ी की



भूमिका निभाने का संदेश दिया तो टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करने, लिखने की आदत ड़ालने, खुल कर अपनी बात कहने, मन को शांत रखने, केवल किताबी कीड़ा नहीं बनने, रोबोट नहीं इंसान बनने और पूरी नींद लेने के लिए मोटिवेट किया। सबसे खास बात यह कि बच्चों को स्वयं से प्रतिस्पर्धा करने का संदेश दिया। हमें दूसरे के स्थान पर स्वयं से प्रतिस्पर्धा करनी है। स्वयं से प्रतिस्पर्धा करेंगे तो आत्मविश्वास बढ़ेगा। दरअसल होता यह है कि दूसरे प्रतिस्पर्धा करने के चक्कर में नकारात्मकता अधिक आती है। होना तो यह चाहिए कि अपनी कमियों को ही सबक बनाकर बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

आज बच्चों को खुला आसमान चाहिए। जहां वह अपनी क्षमता का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मोदी जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा है कि विफलताओं से निराश नहीं होकर उससे सबक लेना चाहिए। जीवन में सफल होने के लिए बहुत कुछ होता है। मोदी जी ने मन की बात में बच्चों, परिजनों और टीचर्स तीनों को ही संदेश देने का प्रयास किया है। होता यह है कि जो बच्चें होशियार होते हैं या प्रभावशाली परिवार के हैं तो टीचर्स का उन पर विशेष ध्यान होता है और जो बच्चें कमजोर होते हैं तो पीटी मीटिंग के माध्यम से पैरेंट्स को नीचा दिखा कर इतिश्री कर लेते हैं। बच्चों की नाकामी पर कभी किसी स्कूल ने या टीचर ने जिम्मेदारी ली हो यह आज तो लगभग असंभव ही है। चाहे आप पढ़ाई के नाम पर स्कूल को कितनी ही फीस देते हो आप पर प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष तौर पर बच्चें को ट्यूशन कराने का दबाव तो आ ही जाता है। यदि शिक्षण संस्थानों में कमजोर और औसत बच्चों पर अधिक ध्यान दिया जाएं तो तस्वीर का पहलू दूसरा ही हो सकता है। इसी तरह से पैरेंट्स को भी नसीहत देने में मोदी जी पीछे नहीं रहे हैं। पैरेंट्स को बच्चों की लगन, रुचि को समझना होगा। अपनी अपेक्षाएं उस पर लादने के स्थान पर दिशा देने के प्रयास करने होंगे। बच्चों के साथ बैठकर खुलकर बात करें। उनकी ईच्छा, लगन और कोई परेशानी है तो उसे समझने का प्रयास करें। बच्चों में परस्पर तुलना करके बालक मन को कुंठित नहीं करना चाहिए। बच्चों को निराश करने के स्थान पर मोटिवेट करने के समग्र प्रयासों की आवश्यकता है। बच्चों को मशीन नहीं बनाया जाना चाहिए। बच्चों को समझाया यह जाना चाहिए कि 24 घंटें का समय सभी के पास होता है, इस समय को किस प्रकार से उपयोग करना है इस पर फोकस हो तो निश्चित रुप से अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कहने का अर्थ यह है कि बच्चों का मनोबल बढ़ाने उनमें सकारात्मकता विकसित करने की दिशा में हमें काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षाओं से पहले अपने प्रधानमंत्री काल में 8 वीं बार परीक्षा पर चर्चा करते हुए बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को संदेश देने का सार्थक प्रयास किया गया है। अब सबका दायित्व हो जाता है कि इन सकारात्मक पक्षों को बच्चों तक पहुंचाया जाएं। बच्चों को समझाना होगा कि बड़ी बात जीवन में सफल होना है।

# रेत माफिया ने मारी गोली, सीने में बुलेट धंसने से मौत

## साथी का भी फोड़ा सिर, बिहार से बेकरी में काम करने छत्तीसगढ़ आया था युवक





**मीडिया ऑडीटर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में रेत माफिया ने बिहार के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सीने में बुलेट धंसते ही युवक जमीन पर गिर गया। वह बिहार के हाजीपुर जिले से सारंगढ़-बिलाईगढ़ काम करने आया था। मामला सारंगढ़ थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले युवक का नाम मुखलाल मांझी (39) है। वह रानीसागर स्थित ब्रेड फैक्ट्री (सूर्या बेकरी) में काम करता था। वारदात को 5 लोगों ने मिलकर अंजाम दिया है। मुख्य आरोपी का नाम कृष्णा राजपूत (35) है। आरोपी ने मृतक के साथी का भी सिर फोड़ दिया।

**5 लोगों ने क्यों की हत्या:** दरअसल, गुरुवार की रात (13 फरवरी) सूर्या बेकरी के सामने मुखलाल मांझी और उनके साथ बेकरी में काम करने वाले स्टाफ के लोग प्लास्टिक जला रहे थे। इस दौरान बेकरी स्टाफ के लोगों से कृष्णा राजपूत का विवाद हो गया। कृष्णा राजपूत घर दुकान के बाहर गाली-गलौज और हंगामा करने लगा। इस दौरान बेकरी स्टाफ और कृष्णा राजपूत धमकाने लगे। विवाद बढ़ा तो कृष्णा राजपूत ने अपने 5 साथियों की मौजदूगी में देसी पिस्टल से मुखलाल मांझी के सीने पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया। हंगामा और विवाद का सीसीटवी फुटेज भी सामने आया है।

**लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया:** बताया जा रहा है कि गोली लगते ही आसपास खून ही खून हो गया। बेकरी स्टाफ के लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। साथ ही युवक को लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान मुखलाल की मौत हो गई। स्टाफ ने बताया कि एक और व्यक्ति को डंडे और लाठी से हमला किया है, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट है। आरोपियों में होटल संचालिका ललिता बघेल और उसकी साथी गौरी बरेठ, कृष्णा राजपूत समेत कई लोग थे।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल से एक मैगजीन, एक कार और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची, जिसने ब्लड सैंपल और अन्य साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस सीसीटवी फुटेज की भी जांच कर रही है।

**अब जानिए कौन है मुख्य आरोपी कृष्णा:** मुख्य आरोपी कृष्णा राजपूत अवैध रेत खनन का काम करता है। सिंघनपुर के ग्रामीण उसकी कई बार शिकायत कर चुके हैं। सिंघनपुर की नदियों में अवैध रेत खनन और परिवहन से इलाके रोड खस्ताहाल हो गए हैं। ग्रामीणों ने रेत खनन को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी।

बताया जा रहा है कि शिकायत के बाद कृष्णा राजपूत बौखला गया था। शिकायत करने वाले ग्रामीणों को बंदूक लेकर धमकाया था। इसके बाद ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर को भी पत्र लिखकर शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**मुख्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही:** मामले में एएसपी निमिषा पाण्डेय ने बताया कि बेकरी के सामने हत्या की गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। कृष्णा राजपूत ने मर्डर किया है। अभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। उसे भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## चिरमिरी नगर पालिका निगम चुनाव की मतगणना की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगर पालिक निगम चिरमिरी के आम निर्वाचन 2024-25 की मतगणना 15 फरवरी को सुबह 9:00 बजे से मंगल भवन, मालवीय नगर वेस्ट चिरमिरी पोड़ी में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार और उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी विजयेन्द्र सारथी की अध्यक्षता में आज मतगणना बैठक कराई गयी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के लिए मतगणना से जुड़े आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इन्हीं निर्देशों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करने के लिए 14 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे निगम सभागार में आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारी विजयेन्द्र सारथी, नगर निगम आयुक्त राम प्रसाद आंचला, श्याम देशपाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खड़गवां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अधिकारियों की लगाई गयी ड्यूटी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भतरपुर जिले के खड़गवां विकासखंड में 17 फरवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव का आयोजन किया जा रहा है। चुनाव की सुचारू एवं शांतिपूर्ण प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

जनपद पंचायत खड़गवां विकासखंड के सलका पंचायत में नायब तहसीलदार नीरज कान्त तिवारी, उधनापुर पंचायत में नायब तहसीलदार महेन्द्र कुमार, दुबछोला पंचायत में सहायक आबकारी अधिकारी शशिकला पैकरा, कोड़ा पंचायत में खाद्य अधिकारी जतिन देवांगन, ठग्गांव पंचायत में जिला प्रबंधक उमेश पाण्डेय और रतनपुर पंचायत में महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल को नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा, बरदर पंचायत में जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्वास्थ्य विभाग) पुष्पेन्द्र सोनी और कटकोना पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के राजेश जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी अधिकारी सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान दल से समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग करेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## झगराखाण्ड के लिए गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र के परिपालन में 15 फरवरी 2025 को समय प्रातः 9:00 बजे मतगणना स्थल मंगल भवन वार्ड क्रमांक 09 झगराखाण्ड में नियत किया गया है। उक्त मतगणना कार्य के लिए गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक को आदेशित करते हुए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्धारित तिथि को प्रातः 7:30 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। राम चरण सिंह, मोहन मुरारी कंवर, रामचंद नामदेव, डॉ. शिव कुमार शुक्ला, अलेक्जंडर खेस तथा देवन सिंह को गणना पर्यवेक्षक, दिलीप जायसवाल, जयश्री गुप्ता, नारायण प्रसाद केवट, मनबोध यादव, सुरेंद्र जायसवाल तथा चंद्रमणि द्विवेदी को गणना सहायक 01 तथा संध्या भगत, संदीप तिर्की, साकेत बिहारी, इंद्रपाल सिंह पुलस्त, अनिल कुमार बर्मन तथा पारसमणी को गणना सहायक 02 हेतु ड्यूटी लगाई गयी है।

# महाकुंभ से लौट रही बस की स्कॉर्पियो से टक्कर

## कांकेर में एनएच-30 पर हादसा, 1 की मौत, 7 घायल, 24 घंटे में 7 की गई जान





**मीडिया ऑडीटर, कांकेर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में प्रयागराज महाकुंभ से लौट रही टूरिस्ट बस हादसे का शिकार हो गई। स्कॉर्पियो से आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की जान चली गई। वहीं इसमें 7 लोग घायल भी हुए हैं। घटना ह्य-30 पर तारसगांव कटिंग लखनपुरी के पास गुरुवार रात की है। टूरिस्ट बस में सवार 15 यात्रियों में से 7 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्कॉर्पियो में सवार प्रेम लाल मरकाम (55 साल) की मौके पर ही मौत हो गई। वह सुकमा के छीनगढ़ का रहने वाला था।

**टूरिस्ट बस में सवार यात्री आंध्र प्रदेश के थे:** एएसआई भाकेश पटेल के मुताबिक, टूरिस्ट बस में सवार यात्री प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होकर आंध्र प्रदेश लौट रहे थे। दूसरी ओर, स्कॉर्पियो में सवार लोग जगदलपुर से रायपुर जा रहे थे, जहां उनके परिवार में किसी हादसे की खबर मिलने पर वे रवाना हुए थे।

**टूरिस्ट बस और स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़े:** टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टूरिस्ट बस के परखच्चे उड़ गए और स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्कॉर्पियो में सवार अन्य दो लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**24 घंटे के अंदर 7 लोगों की गई जान:** कांकेर हादसे में एक मौत के अलावा छत्तीसगढ़ में गुरुवार को 3 अलग अलग सड़क हादसे में 6 और लोगों की मौत हो गई थी।

**रायगढ़:** कीर्तन सुनकर लौट रहे दो युवकों को एक भारी वाहन ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**कवर्धा:** अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की जान चली गई।

**जांजगीर:** हाइवा की टक्कर से दो युवकों ने दम तोड़ दिया।

**9 फरवरी को महाकुंभ से लौटने के दौरान 4 की गई जान:** 9 फरवरी को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में बोलेरो और ट्रेलर की टक्कर हो गई थी। हादसे में कुंभ से लौट रहे छत्तीसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं 6 लोग घायल हो गए। बोलेरो सवार श्रद्धालु महाकुंभ स्नान कर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ लौट रहे थे। घटना सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र की है।

टक्कर इतनी भयंकर थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी भेजा गया है। ष्टरू विष्णुदेव साय ने 4 श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया।

**2 फरवरी को सीजी के हेड-कॉन्स्टेबल समेत 7 की मौत हुई थी:** 2 फरवरी महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के हेड-कॉन्स्टेबल रवि मिश्रा, मां उषा मिश्रा और बेटे अथर्व मिश्रा, ड्राइवर समेत 7 लोगों की यूपी में मौत हो गई। इलाज के दौरान मेड दुर्गा देवी ने भी दम तोड़ दिया। सोनभद्र में रविवार को तेज रफ्तार कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हुई थी।

## चिरमिरी नगर निगम की गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में, रिटर्निंग अधिकारी विजयेन्द्र सिंह सारथी की अध्यक्षता में नगर निगम चिरमिरी के मंगल भवन, मालवीय नगर वेस्ट चिरमिरी पोड़ी में मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मतगणना 15 फरवरी 2025, शनिवार को नगर पालिक निगम चिरमिरी के मालवीय नगर वार्ड क्रमांक 01 स्थित मंगल भवन में आयोजित की जाएगी, जिसकी शुरुआत प्रातः 9:00 बजे से होगी। इस चुनाव में कुल 40 वार्डों के लिए पार्षदों का चयन किया जाएगा, जबकि महापौर पद के लिए भी मतगणना की जाएगी। निष्पक्ष और पारदर्शी मत गणना सुनिश्चित करने के लिए 40 गणना टेबल लगाए गए हैं, जहां 40 गणना पर्यवेक्षक, 80 गणना सहायक और 6 रिजर्व दल के अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहेंगे। इन सभी अधिकारियों को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। पहला 7 फरवरी को और दूसरा 13 फरवरी 2025 को संपन्न हुआ। जिसमें महापौर पद के लिए कुल 5 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 40 पार्षद सीटों के लिए कुल 119 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े हैं। मतगणना केंद्र पर अभ्यर्थियों एवं उनके गणन अभिकर्ताओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। महापौर प्रत्याशियों और उनके गणन अभिकर्ताओं की कुल संख्या 205 है, जबकि वार्ड पार्षद प्रत्याशी एवं उनके गणन अभिकर्ताओं की संख्या 200 है, तथा लगभग 400 से 430 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। वहीं रिटर्निंग अधिकारी विजयेन्द्र सिंह सारथी ने बताया कि प्रत्येक गणना मेज पर उसकी दफ्ती लगाकर टेबल क्रमांक एवं वार्ड क्रमांक प्रदर्शित की जायेगी। गणना कार्य में लगे सभी अधिकारी/कर्मचारियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था से मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना हॉल में मोबाइल, किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, स्मार्ट वॉच ले जाना प्रतिबंधित होगा। गणना का कार्य आयोग द्वारा निर्धारित समय पर प्रारंभ होगा। कंट्रोल यूनिट ऑन कर सभी सील का मिलान उपरांत मतपत्र लेखा से सभी जानकारी का मिलान कर कंट्रोल यूनिट को ऑन कर सभी प्रदर्शित जानकारी को मिलान किया जायेगा। तत्पश्चात रिजल्ट 1 बटन दबाने हेतु ग्रीन पेपर सील को उंगली से दबाकर रिजल्ट 1 का बटन दबाया जायेगा। जिसमें क्रमवार पहले महापौर उम्मीदवार क्रमवार मत प्रदर्शित होगा।

# भतीजे ने बुआ को मार डाला, डांट से परेशान था, सिर पर फावड़े से वारकर की हत्या, शव को कोठी में छिपाया




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में एक नाबालिग भतीजे ने अपनी बुआ की हत्या कर दी। बुआ की डांट से तंग आकर फावड़ा से सिर पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और गले से सोने की माला निकालकर दोस्तों के साथ भाग निकला।

घटना बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम पौसरी की है। वारदात के बाद नाबालिग ने शव कोठी में डालकर रेत से ढंक दिया। दो दिन बाद घर से तेज गंध आने पर हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस ने तीन नाबालिग समेत चोरी का सामान खरीदने वाले को गिरफ्तार किया है।

**9 फरवरी की घटना:** पुलिस के मुताबिक, ग्राम पौसरी निवासी मृतका के भाई बलदाऊ यादव ने 9 फरवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहन जामफूल यादव बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की।

**कोठी में मिला शव:** 11 फरवरी को जामफूल के घर से तेज गंध आने लगी। सरपंच ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घर के भीतर कोठी में शव रेत के नीचे दबा मिला। फोरेंसिक टीम के साथ शव बाहर निकाला गया, जिसकी पहचान जामफूल यादव के रूप में हुई। सिर पर चोट के निशान थे।

**दोस्तों के साथ मिलकर हत्या:** पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि मृतका का नाबालिग भतीजा घटना के दिन से गायब है। टीम ने उसे पकड़ा। पहले वह गुमराह करता रहा, लेकिन बाद में दोस्तों के साथ मिलकर हत्या करना कबूल लिया।

**बुआ की डांट से नाराज था:** पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि बुआ छोटी-छोटी बातों पर डांटती थी। इससे वह नाराज था। पारिवारिक और सामाजिक नियंत्रण के अभाव में नशे का आदी हो गया था। नशे के लिए पैसों की जरूरत थी।

**गले से सोने की माला चुराई:** बुआ की डांट से तंग आकर फावड़ा से सिर पर वार कर हत्या कर दी। गले से सोने की तीन पत्ती वाली माला निकालकर देवकुमार रात्रे को 8 हजार रुपए में बेचा। 5 हजार रुपए में गिरवी रखा मोबाइल और कर्जा चुकाया। देवकुमार की बाइक मंगाकर भाग निकला। 3 हजार रुपए खाने-पीने में खर्च कर दिए।

**सबूत छिपाने घर में आग लगाने की कोशिश:** हत्या के बाद नाबालिग ने दो साथियों के साथ मिलकर सबूत छिपाने के लिए घर में आग लगाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। पुलिस ने तीनों नाबालिगों समेत सोने की माला खरीदने वाले देवकुमार रात्रे को गिरफ्तार किया।

**न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल:** आरोपियों के कब्जे से बाइक और सोने की माला बरामद हुई। नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड और देवकुमार को जिला कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## साइबर क्राइम एक्सपर्ट नहीं, हाईकोर्ट बोला- यह गंभीर

## केंद्र सरकार से मांगा जवाब, चीफ जस्टिस बोले- तेजी से बढ़ रहे अपराध, जल्द करें नियुक्ति



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने छत्तीसगढ़ में साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं होने पर चिंता जाहिर की है। डिवीजन बेंच ने मामले में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए जल्द ही एक्सपर्ट की नियुक्ति करने कहा है। साथ ही केंद्र सरकार से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा है। दरअसल, प्रदेश में आईटी एक्ट के तहत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाने के लिए साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की गई है।

**देश भर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति:** शिरीन मालेवर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई है, इसमें बताया कि राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79-ए के तहत कोई परीक्षक/विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं की गई है। जबकि, देश भर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ में लगातार साइबर क्राइम की बढ़ोतरी हो रही है। ठग लोगों को नए नए तरीके से अपने जाल में फंसाते हैं। बावजूद इसके राज्य में विशेषज्ञ नहीं है।

**केंद्र सरकार करती है नियुक्ति:** जनहित याचिका में कहा गया है कि साइबर एक्सपर्ट की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। याचिका में प्रदेश में एक्सपर्ट की नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट से केंद्र सरकार को आदेश जारी करने की मांग की गई है।

**हाईकोर्ट बोला तत्काल कदम उठाए केंद्र सरकार:** इस मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि यह मामला गंभीर चिंता का विषय है।

## रिटर्निंग अधिकारी जिला पंचायत सीईओ ने ली सभी सेक्टर अधिकारियों की बैठक

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट और रिटर्निंग अधिकारी जिला पंचायत अंकिता सोम शर्मा ने जिले के तीनों विकासखंड मनेंद्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनावी प्रक्रिया के दौरान लॉ एंड ऑर्डर को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए, साथ ही सभी मतदान केंद्रों में सूचना तंत्र को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में जिला निर्वाचन ने स्पष्ट किया कि सभी सेक्टर अधिकारी मजिस्ट्रेट के समान अधिकार रखेंगे और अपने क्षेत्र में प्रभावी नियंत्रण व पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी मतदाताओं की संख्या अधिक हो, वहां पीठासीन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी पूरी तरह से सतर्क रहेंगे। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने से पहले अनाउंसमेंट कर 3:00 बजे मतदान केंद्रों की गेट बंद करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही मतदान केंद्रों पर पुलिस बल तैनात करने और लॉ एंड ऑर्डर को बनाए रखने के लिए आसपास के थानों से सुरक्षा बल की मांग करने को कहा गया। वहीं रिटर्निंग अधिकारी अंकिता सोम शर्मा ने निर्देश दिया कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र का अभी से दौरा करें और मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करें। उन्होंने भौगोलिक परिस्थितियों, मतदान केंद्रों की दूरी और पहुंच मार्ग की स्थिति का ध्यान रखते हुए ऐसा सेक्टर निर्धारण करने को कहा कि चुनाव के दिन प्रत्येक मतदान केंद्र का दो से तीन बार भ्रमण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने मतदान केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। मतदान भवनों और पहुंच मार्ग की स्थिति को दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक मरम्मत कार्य तत्काल पूरा कराने को कहा गया। इसके अलावा, मतदान केंद्रों में फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था और इमरजेंसी लाइट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सतर्क किया गया।

# नगरीय निकाय गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण सम्पन्न





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। 12:00 बजे से 02:00 बजे तक 70 लोगों को प्रथम चरण में 02:00 बजे से 04:00 बजे तक तथा द्वितीय चरण में कुल 140 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर टी. विजय गोपाल राव एवं संजीव सिंह ने दो पालियों में प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ में 22 टेबल लगेंगे जिसकी गिनती 01 राउण्ड में होगा एवं नगर पंचायत झगराखांड़, नगर पंचायत खोंगापानी तथा नगर पंचायत नई लेदरी में 5-5 टेबल लगेंगे। जिनकी गिनती 03 राउण्ड में होगी। मतगणना का कार्य मतगणना हॉल में किया जाना है। जिसमें उतने गणना टेबल लगेंगे, जितने उस नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या है। प्रत्येक गणना मेज पर उसकी दफ़्ती लगाकर टेबल क्रमांक एवं वार्ड क्रमांक प्रदर्शित की जायेगी। गणना कार्य में लगे सभी अधिकारी/कर्मचारियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था से मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जयेगा। मतगणना हॉल में मोबाईल, किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस, स्मार्ट वॉच ले जाना प्रतिबंधित होगा। गणना का कार्य आयोग द्वारा निर्धारित समय पर प्रारंभ होगा। कंट्रोल यूनिट ऑन कर सभी सील का मिलान उपरांत मतपत्र लेखा से सभी जानकारी का मिलान कर कंट्रोल यूनिट को ऑन कर सभी प्रदर्शित जानकारी को मिलान किया जायेगा। तत्पश्चात रिजल्ट 1 बटन दबाने हेतु ग्रीन पेपर सील को उंगली से दबाकर रिजल्ट 1 का बटन दबाया जायेगा। जिसमें क्रमवार पहले अध्यक्ष उम्मीदवार की क्रमवार मत प्रदर्शित होगा। उसके बाद क्रमवार पार्षद पद के उम्मीदवारों का क्रमवार प्राप्त मत प्रदर्शित होगा। सर्वप्रथम निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गणना रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रारंभ की जायेगी। तथा गणना का परिणाम प्रारूप-21(क) तैयार किया जायेगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा टेबुलेशन कराकर गणना का अंतिम परिणाम तैयार किया जायेगा।

इस प्रशिक्षण में रिटर्निंग अधिकारी अनिल सिदार, लिंगराज सिदार, श्रुति धुर्वे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी करमचंद जाटवर, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, डॉ. विनोद पाण्डेय, संजय ताम्रकार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर रोक बढ़ाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर लगी रोक 17 मार्च तक बढ़ा दी। कोर्ट ने 15 जनवरी को हुई पिछली सुनवाई में गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। खेडकर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट में बताया कि हमलोग जांच में सहयोग कर रही हैं लेकिन पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा की अग्रिम जमानत अर्जी पर जवाब देने के लिए दिल्ली पुलिस को दिया गया समय भी बढ़ा दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने पूजा की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। पूजा खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगता कोटे से आरक्षण लेने के लिए धोखाधड़ी करने का आरोप है।

## नेता सत्येंद्र जैन गिरफ्तार हो सकते हैं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ केस चलाने के लिए राष्ट्रपति से परमिशन मांगी है। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई है। ईडी और गृह मंत्रालय का यह कदम सत्येंद्र जैन खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। अगर राष्ट्रपति से मंजूरी मिलती है तो उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और जैन को गिरफ्तार भी किया जा सकता है। मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय की जांच और पर्याप्त सबूत होने के आधार पर यह अनुरोध किया है। जांच एजेंसी सीबीआई ने कथित हवाला लेनदेन से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जैन पर 2017 में मामला दर्ज किया था और ईडी ने जांच शुरू की थी। 30 मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। करीब 18 महीने जेल में रहने के बाद उन्हें अक्टूबर 2024 में जमानत मिली। तभी से वे बाहर हैं। ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

## केंद्र-आंदोलनकारी किसानों की 5वीं वार्ता

**चंडीगढ ( एजेंसी )।** चंडीगढ़ में केंद्र सरकार-आंदोलनकारी किसानों के प्रतिनिधिमंडल के बीच मीटिंग चल रही है। मीटिंग में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भी बैठे नजर आ रहे हैं। चंडीगढ़ में केंद्र सरकार और आंदोलनकारी किसानों के प्रतिनिधिमंडल के बीच 5वें दौर की बातचीत हो रही है। किसानों की तरफ से इसमें 28 किसान नेता शामिल हैं। किसान हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी 2024 से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# अडाणी मुद्दे पर मोदी ने अमेरिका में कहा- निजी मामला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर अडाणी मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी को घेरा। राहुल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया ङ्ग पर लिखा कि अडाणी मामले पर पीएम से देश में सवाल पूछो तो वे चुप्पी साध लेते हैं।

जब विदेश में सवाल किया गया तो इसे निजी मामला बताया। दरअसल, पीएम मोदी से अमेरिका दौरे पर पत्रकारों ने सवाल पूछा था कि क्या राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मीटिंग में गौतम अडाणी के केस पर कोई चर्चा हुई? इस पर पीएम ने जवाब दिया कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों में हमारे बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। हमारे संस्कार और संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है। हम पूरे विश्व को अपना एक परिवार मानते हैं। हर भारतीय को मैं अपना मानता हूं। दूसरी बात है कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं, न बैठते हैं और न बात करते हैं। दिसंबर 2024 में राहुल गांधी अडाणी मुद्दे पर रिपोर्टर के रोल में दिखे थे। विपक्ष के दो सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी का मुखौटा लगाया और राहुल से बातचीत की।



राहुल ने मोदी-अडाणी के संबंध, अमित शाह की भूमिका और संसद न चलने पर करीब 8 सवाल किए। कांग्रेस ने 1.19 मिनट की बातचीत का वीडियो शेयर किया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अक्टूबर 2023 में गौतम अडाणी पर निशाना साधा था। उन्होंने दिल्ली में 14 मिनट की एक प्रेस कांफ्रेंस की थी। जिसमें कहा- अडाणी ने 32 हजार करोड़ का घोटाला किया है।

आज महंगी बिजली के पीछे अडाणी हैं। उन्होंने जनता की जेब से पैसे लूटे हैं। इन आरोपों में भाजपा सरकार को घेरते हुए राहुल बोले- अडाणी में ऐसा क्या है जो सरकार उनकी जांच नहीं कराती है। उन्हें जो चाहिए होता है, वो मिल जाता है। उनके पीछे किसकी शक्ति है।

## महाकुंभ में अब तक रिकॉर्ड 50 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** महाकुंभ में 33 दिनों में 50 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इतिहास में ये सबसे बड़ा आयोजन रिकॉर्ड किया गया। 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ के अभी 12 दिन और बचे हैं।

अमेरिका और चीन की कुल आबादी के बाद तीसरी सबसे बड़ी आबादी के बराबर लोग प्रयागराज पहुंचे हैं। ब्राजील के रियो फेस्टिवल या जर्मनी के अक्टूबर फेस्ट में आने वाली भीड़ इसके मुकाबले कुछ नहीं है। रियो कार्निवल 9 फरवरी से शुरू हुआ है जो 17 फरवरी तक



चलेगा, इसमें रोज करीब 20 लाख लोग पहुंचते हैं। वहीं 16 दिनों तक चलने वाले जर्मनी के अक्टूबर फेस्ट में करीब 70 लाख लोग पहुंचते हैं। महाकुंभ में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी 16 फरवरी को डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, उनके आने का प्रोग्राम लगभग फाइनल हो चुका है। तैयारियां की जा रही हैं। महाकुंभ में आज फिर श्रद्धालुओं की भीड़ है। आज महाकुंभ का 33वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। थोड़ी देर में 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगा।

## नए सीईसी के सिलेक्शन पर 17 फरवरी को बैठक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इससे पहले नए सीईसी के सिलेक्शन को लेकर 17 फरवरी को बैठक बुलाई गई है। मीटिंग में पीएम मोदी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा नेता विपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। कमेटी की सिफारिश के बाद राष्ट्रपति अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी।

अब तक सबसे सीनियर चुनाव आयुक्त को सीईसी के रूप में प्रमोट किया जाता रहा है। राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे सीनियर ईसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। ऐसे में एक नया ईसी भी नियुक्त किया जा सकता है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे ईसी हैं। दिल्ली चुनाव की घोषणा के वक्त बताया था रिटायरमेंट प्लान बिहार/झारखंड कैडर के 1984 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव कुमार मई 2022 में ष्टश्वष्ट नियुक्त हुए थे। उनके कार्यकाल में लोकसभा चुनाव से लेकर जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव हुए। इसके अलावा 2022 में राष्ट्रपति चुनाव, 2023 में कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और राजस्थान चुनाव और 2025 के हालिया दिल्ली चुनाव भी शामिल हैं।

## हरियाणा विधानसभा का पहला ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला चंडीगढ़ पहुंच गए हैं। वे यहां हरियाणा राज्य विधान सभा परिसर में 15वीं विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, संसदीय समितियों के सभापति, संसद सदस्य और विषय विशेषज्ञ हरियाणा के विधायकों को प्रभावी विधायक कैसे बने, इसकी जानकारी देंगे। हरियाणा विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने बताया कि आने वाले समय में वर्तमान समितियों के अलावा विधानसभा में पर्यावरण और युवा मामलों की समिति भी गठित की जाएगी। कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने विधानसभा में विधायक ट्रेनिंग सत्र में कहा कि पंजाब ने हमारा सदन इमारत में हमारा हिस्सा दबा रखा है। नीचे भी और ऊपर भी भाजपा की सरकार है, तो इंटरवेन कर यह हिस्सा हमें मिलना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करता हूं, क्योंकि हर समय उनके चेहरे पर मुस्कुराहट रहती है। प्रभावी विधायक कैसे बनें, सदस्यों को क्या करना चाहिए।

## गुजरात में बच्चे को 16 करोड़ का इंजेक्शन दिया गया

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** गुजरातियों ने एक बार फिर मानवता दिखाई है। चार साल पहले, गुजराती गोधरा के एक बच्चे की जान बचाने के लिए जरूरी 16 करोड़ रुपए जुटाने सड़कों पर उतर आए था। ऐसा ही अब हिम्मतनगर में हुआ है। यहां एक गरीब परिवार के 20 महीने का बच्चे को 16 करोड़ रुपए के इंजेक्शन की जरूरत थी। परिवार की गुहार पर लोगों ने पैसे इकट्ठे करने का अभियान शुरू किया और आखिरकार यह रकम जमा कर ली गई। बीते सोमवार को अमेरिका से यह इंजेक्शन अहमदाबाद पहुंचा और मंगलवार की शाम बच्चे को इसके डोज दिए गए। डॉक्टर्स का कहना है कि अब उसकी हालत में सुधार होना शुरू हो गया है।



गुजरात में एसएमए टाइप-1 से पीड़ित किसी बच्चे को इंजेक्शन दिए जाने का पहला मामला है।

## मणिपुर में मैतेई राष्ट्रपति शासन के खिलाफ, कुकी का समर्थन

**इंफाल ( एजेंसी )।** 21 महीने से जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के फैसले का मैतेई समुदाय ने विरोध किया है। वहीं कुकी समुदाय के लोग केंद्र सरकार के फैसले से खुश हैं।मैतेई समुदाय का कहना है कि एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में जल्द किसी सक्षम व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला ठीक नहीं है।

कुकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ ने कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला सही है। सीएम बदलने से कुछ नहीं होता। फोरम कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की भी मांग कर रहा है।

वहीं, मणिपुर भाजपा अध्यक्ष शारदा देवी ने कहा कि, %विधानसभा अभी भी निलंबित अवस्था में है। कुछ समय बाद हालात को देखते हुए सदन चलाने पर विचार हो सकता है।

केंद्र सरकार ने राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया था। यह फैसला मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के 4 दिन बाद लिया गया।

## 45 दिनों में 7000 लोग म्यांमार से भारत आए

**गुवाहाटी ( एजेंसी )।** असम राइफल्स के साथ बायोमेट्रिक विवरण और पहचान पत्र साझा करने के बाद दिसंबर से अब तक 7,000 लोग म्यांमार से भारत में प्रवेश कर चुके हैं।

भारत-म्यांमार सीमा पिछले साल संशोधित फ्री मूवमेंट रिजीम (स्नरूक्र) के तहत कड़े नियम लागू किए गए थे। इसके लिए उनका बायोमेट्रिक डेटा को जमा किया जाएगा, जो नेशनल डेटा सेंटर से जुड़ा होगा। केंद्र सरकार ने पिछले साल फ्री मूवमेंट रिजीम को खत्म करने का निर्णय लिया था। लेकिन बाद में एक और स्ट्रीक्ट नियम बनाया गया, जिसे दिसंबर 2024 में मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड सरकार को संशोधित लागू करने को कहा गया। असम राइफल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक- अब सीमा पर करने के लिए 43 निर्धारित एंट्री प्वाइंट होंगे। हालांकि अभी 22 एंट्री प्वाइंट ही चालू है। इन एंट्री प्वाइंट पर लोगों से बायोमेट्रिक डेटा, एड्रेस सहित अन्य जानकारियां लेकर पास जारी किए जाते हैं।

## भाजपा को होली से पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलेगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत मार्च के पहले हफ्ते तक शुरू हो जाएगी। होली (14 मार्च) से पहले पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बन सकती है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है। फरवरी के आखिरी तक 18 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चयन की



प्रक्रिया पूरी होते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होगा। भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी कराया जा सकता है जब देश के कम से कम आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव हो जाएं। पार्टी के एक नेता के मुताबिक, मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक और कार्यकाल देने की जगह पार्टी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनेगी। हालांकि, भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कोई व्यक्ति लगातार दो टर्म के लिए चुना जा सकता है। इस लिहाज से नड्डा तकनीकी रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की योग्यता रखते हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है कि उन्होंने दोबारा अध्यक्ष बनने की जगह किसी नए व्यक्ति को यह जिम्मेदारी देने की बात कही है।

## कुतुब मीनार-हुमायूं के मकबरे को वक्फ प्रॉपर्टी बताया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद को सौंपी गई संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि देश में राष्ट्रीय महत्व के करीब 280 स्मारकों को वक्फ बोर्ड ने अपनी जायदाद घोषित किया हुआ था। इन स्मारकों में ज्यादातर राजधानी दिल्ली में हैं। इनमें कुतुब मीनार, फिरोजशाह कोटला, पुराना किला, हुमायूं का मकबरा, जहांआरा बेगम की कब्र, कुतुब मीनार क्षेत्र में स्थित आयरन पिलर (लौह स्तंभ), इल्तुतमिश का मकबरा जैसे स्मारकों पर भी वक्फ का दावा है। समिति की सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने इन स्मारकों की फेहरिस्त सौंपी थी। इसके अलावा शहरी विकास मंत्रालय ने कमेटी को बताया कि भूमि एवं विकास विभाग की 108 और डीडीए की 130 संपत्तियां वक्फ के कब्जे में दी गईं। वक्फ ने बाद में इन स्मारकों पर अपना दावा बताया।

एक समय देश में वक्फ बोर्ड की 52 हजार रजिस्टर्ड संपत्तियां थीं। आज 9.4 लाख एकड़ जमीन पर 8.72 लाख अचल संपत्तियां हैं।

## दुबई से भी महंगा हुआ दिल्ली से पटना की फ्लाइट का किराया, होली से पहले आसमान छू रहा किराया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अब दिल्ली से पटना जाना दुबई से भी मंहगा हो गया है। बिहार आने-जाने वाले यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए अत्यधिक किराया चुकाना पड़ रहा है। बता दें कि, होली से पहले हवाई किराया आसमान छू रहा है। इस बार होली से एक महीने पहले ही दिल्ली से पटना आने का विमान किराया तीन से चार गुना तक बढ़ गया है।

बात करें दिल्ली से दरभंगा की तो 15 फरवरी तक अधिकतम किराया ? 17,500 तक पहुंच गया है, वहीं सामान्य दिनों के अनुसार यह किराया ? 5,000 से ?6,000 के बीच होता है। वहीं बात करें दिल्ली से पटना के किराये की तो 15 फरवरी को अधिकतम किराया ?17,250 तक पहुंचा गया है। जबकि सामान्य दिनों में यही किराया ?4,000 से ?5,000 के बीच होता है। वहीं बात करें दिल्ली से दुबई तक के किराये की तो दिल्ली से दुबई तक का किराया 14 हजार के आसपास है। बात करें मुंबई से पटना की तो 16 फरवरी को अधिकतम किराया 19,776 तक पहुंच गया है, वहीं सामान्य दिनों के अनुसार यह किराया 7,000 से 8,000 के बीच रहता है। वहीं मुंबई से दरभंगा की बात करें तो 16 फरवरी को 20,081 तक किराया पहुंच गया है, जबकि सामान्य दिनों में यह ?7,000 से 8,000 के बीच होता है। वहीं बेंगलुरु से भी कुछ ऐसा ही हाल है जहां बेंगलुरू से पटना का किराया 16 फरवरी को ?23,040 तक पहुंच गया है।

## आतिशी का बीजेपी को लेकर चौंकाने वाला दावा- पार्टी में विभागों को लेकर चल रही गुपचुप साजिश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की अस्थायी सीएम आतिशी ने बीजेपी को लेकर हैरानी वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि, बीजेपी ने चुनाव के दौरान गारंटी का ऐलान किया और कहा कि हर महिलाओं को 2500 रुपये दिए जाएंगे। इसका फैसला पहली कैबिनेट में लिया जाएगा। बीजेपी के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि पार्टी ने जो भी वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का कोई इरादा नहीं है। अभी बीजेपी के अंदर विधायकों के बीच में लड़ाई झगड़ा चल रहा है कि कौन किस विभाग का मंत्री बनेगा। कौन कितना लूट कर सकता है। आतिशी ने कहा, ' 'बीजेपी ये प्लान बनाया है कि वो वायदे नहीं



पूरे करने का ठीकरा आम आदमी पार्टी पर फोड़ेंगे। कहेंगे कि हम वादे इसलिए नहीं कर पाए क्योंकि दिल्ली सरकार के पास पैसा नहीं है। आप ने वित्तीय संकट में डाल दिया है। ये बहाना करके अपनी लूट को छुपाने की कोशिश करेंगे। अपने वायदे पूरे नहीं करने के लिए बहाने बनाएंगे। आतिशी ने दिल्ली सरकार के वित्तीय हालात पर बोलते हुए कहा की आप ने राजधानी को पिछले 10 सालों से मज़बूती दी है। पार्टी ने वित्तीय स्थिति को सुधारकर दिल्ली को आगे बढ़ाया है।आर्थिक स्थिति के अलावा मोहल्ला क्लीनिक पर तंज कसते हुए कहा कि नाम बदलने के अलावा बीजेपी को कुछ करना चाहिए।

# बाबर आजम ने फैंस से की ये खास रिक्वेस्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होने जा रहा है। इसके सभी मैच पाकिस्तान और यूएई में खेले जाएंगे। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने पाकिस्तान की मीडिया और फैंस से एक खास रिक्वेस्ट की है। दरअसल, जिस तरह से भारत में विराट कोहली को %किंग% कहा जाता है वसी तर्ज पर पाकिस्तान में भी बाबर आजम को भी किंग कहा जाता है। लेकिन अब खुद बाबर ने पाकिस्तान के फैंस और मीडिया से उन्हें इस नाम से ना बुलाने की अपील की है। उनका मानना है कि वह किंग नहीं है जब वह क्रिकेट छोड़ेंगे तब वह इस पर बात करेंगे। वहीं बाबर आजम और मीडिया के बीच इस बातचीत का वीडियो काफी वायरल हो रहा है। जिसमें बाबर कहते हैं कि पहली बात ये है कि




किंग-शिंग बोलना जरा कम करें मैं कोई किंग नहीं हूं। जब छोड़ेंगे तब उस पर बात करेंगे। देखें मेरे लिए नया रोल है। वनडे क्रिकेट में नंबर-3 पर खेलने वाले बाबर आजम को चैंपियंस ट्रॉफी में नया रोल मिला है। वह फकर जमान के साथ पारी का आगाज कर रहे हैं। साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी ट्राई सीरीज में भी उन्होंने ओपनिंग की लेकिन अब तक दो मुकाबलों में वह ज्यादा कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिये टीम इंडिया के साथ नहीं जाएगा परिवार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया के खिलाड़ी अपने परिवार को साथ नहीं ले जा सकते। दरअसल, बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है। इसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा, जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के 3 शहरों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल 9 मार्च को है, लिहाजा ये दौरा 3 हफ्ते से कम समय का ही है, जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की मंजूरी नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो हफ्ते के लिए जा सकता है।

पीटीआई ने बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से लिखा कि, अगर कुछ बदलता है तो बात अलग है, लेकिन अभी तो खिलाड़ियों के साथ उनका




परिवार नहीं जा रहा। एक सीनियर खिलाड़ी ने इसके बारे में पूछा था लेकिन उसे बताया गया कि नई नीति का पालन किया जाएगा। बोर्ड की नीति में कहा गया है कि, विदेश दौरे पर 45 दिन या उससे ज्यादा समय भारत से बाहर रहने पर खिलाड़ी की पत्नी और बच्चे अधिकतम दो सप्ताह के लिए साथ रह सकते हैं। इस नीति से अलग जाने पर उन्हें कोच, कप्तान और मैनेजमेंट से मंजूरी लेनी होगी। इससे इतर अवधि के लिए खर्च भी बोर्ड नहीं उठाएगा। ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की 1-3 से हार के बाद ये नीति बनाई गई थी।

निजी स्टाफ जैसे मैनेजर, एजेंट और शेफ पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। निजी स्टाफ पहले टीम और कोचिंग ग्रुप के साथ रहता था। नए नियम के अनुसार, कोचिंग स्टाफ के एक सदस्य का निजी सचिव जो नियमित रूप से टीम होटल में रहता था अब अलग होटल में रहेगा। वहीं ऐसा भी माना जा रहा है कि बोर्ड कुछ खिलाड़ियों की विशेष आहार संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ शेफ को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रहा है।

# बांग्लादेश के कप्तान की चेतावनी, कहा- बड़ा झटका झेलने के लिए तैयार रहें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में प्रतिद्वंद्वी टीमों के चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंट में ये सोचकर जा रही है कि वे बड़ा झटका दे सकते हैं। वह अपना पहला इवेंट जीत सकते हैं। हालांकि, एशिया की इस टीम ने 2023 में भारत में होने वाले आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में महज दो मैच ही जीते थे।

पिछले साल मार्च में घरेलू धरती पर श्रीलंका को 2-1 से हराने के बाद ये सिर्फ एक द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती है। इसके बावजूद नजमुल हुसैन शंटो को लगता है कि बांग्लादेश की टीम में आत्मविश्वास बढ़ रहा है। उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में सबको चौंका सकती है। बांग्लादेश को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच से करेगा। भारत का भी वह टूर्नामेंट में पहला मैच होगा। उसके बाद रावलपिंडी में 24 फरवरी को न्यूजीलैंड और 27 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। नजमुल हुसैन शंटो ने आईसीसी से कहा कि, हम चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में सभी आठ टीमें चैंपियन बनने की हकदार हैं। वे सभी बेहतरीन टीमें हैं। मेरा मानना है कि हमारी टीम में क्षमता है। किसी भी अतिरिक्त दबाव महसूस नहीं होगा। हर कोई वास्तव में चाहता है और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है।

शंतो ने कहा कि, हमें नहीं पता कि अल्लाह ने हमारी किस्मत में क्या लिखा है। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं।

# ये खिलाड़ी कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह की कमी को पूरा




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं जो खिताब को जीतने के लिए पूरी जोरों शोरों से तैयारी कर रही हैं। वहीं इस टूर्नामेंट का होस्ट पाकिस्तान है लेकिन हाइब्रिड मॉडल के तहत टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी जबकि अन्य टीमों के मैच पाकिस्तान में ही आयोजित होंगे। लेकिन इससे पहले टीम इंडिया के फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, जसप्रीत बुमराह चोट के कारण पूरी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। इसकी जानकारी खुद बीसीसीआई ने दी है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट बोर्ड ऑफ कंट्रोल ने जसप्रीत बुमराह के रिप्लेसमेंट के तौर पर हर्षित राणा को चैंपियंस ट्रॉफी स्क्वॉड में शामिल किया है। लेकिन राणा के अलावा अन्य कुछ खिलाड़ी और भी हैं जो टीम इंडिया में बुमराह जैसे रोल निभा सकते हैं।

**मोहम्मद शमी**

मोहम्मद शमी ने एक साल से ज्यादा समय के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। वो इंग्लैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेले, जिनमें वो 2 ही विकेट ले पाए। वहीं वनडे सीरीज में भी उन्होंने 2 ही मैच खेले और यहां भी दो ही विकेट लिए। चाहे शमी की गेंदबाजी में अभी वह धार नहीं दिख रही है, लेकिन कुछ समय पहले ही वो 2023 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उन्होंने केवल 7 मैचों में 24 विकेट भी लिए हैं। उससे पहले 2019 के वर्ल्ड कप में भी उन्होंने 14 विकेट लिए थे। जब भी 50 ओवर फॉर्मेट में कोई आईसीसी इवेंट हो रहा हो, उसमें शमी ने जलवा दिखाया है। उम्मीद है कि इस बार भी चैंपियंस ट्रॉफी में शमी विपक्षी टीमों के लिए घातक साबित होंगे।


**अर्शदीप सिंह**

साल 2022 में टीम इंडिया के लिए डेब्यू करने वाले अर्शदीप सिंह विशेष रूप से टी20 के टॉप गेंदबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। उनके टी20 आंकड़े इस बात का सबूत है कि अर्शदीप व्हाइट गेंद को अपने इशारों पर नचा सकते हैं या नहीं। हमेशा लेफ्ट आर्म पेसर चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट्स में टीमों के लिए एक्स-फैक्टर साबित होते रहे हैं। उन बातों को ज्यादा समय नहीं बीता है जब आर्शदीप 2024 टी20 वर्ल्डकप में फजल हक फारूकी के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। अर्शदीप ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मैच में 2 विकेट लिए थे।

**रविंद्र जेडजा**

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर और हाल ही में खत्म हुए भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज में सफल गेंदबाज हे रविंद्र जडेजा भी विपक्षी टीमों के लिए बड़ा खतरा बन सकत हैं। हाल ही में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 6000 रन और 600 विकेट पूरे किए हैं। जडेजा फंसे हुए मैचों का रुख पलटने में माहिर हैं।

# रणवीर इलाहबादिया से विराट कोहली और युवराज सिंह ने किया किनारा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया इस समय काफी विवादों में हैं। कॉमेडियन समय रैन के शो में उनके बयान से हंगामा मचा हुआ है। पुलिस रिपोर्ट से लेकर संसद तक में ये मुद्दा पहुंच गया। रणवीर के इस विवाद में फंसते ही भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह ने उनसे किनारा कर लिया है। रणवीर विराट कोहली के बड़े फैन हैं। सोशल मीडिया पर स्क्रीनशॉट शेयर करके दावा किया जा रहा है कि विराट कोहली रणवीर इलाहबादिया को इंस्टाग्राम पर फॉलो करते थे। हालांकि, विवाद के बाद कोहली की फॉलोइंग लिस्ट में रणवीर का नाम नहीं है। ऐसा कहा जा रहा है कि विराट कोहली ने विवाद के बाद ही रणवीर को अनफॉलो किया है।

वह नहीं चाहते हैं कि किसी भी तरह उनका नाम जोड़ा जाए। विराट कोहली कभी रणवीर के पोडकास्ट में नहीं आए लेकिन उन्होंने अपने शो पर कई बार खुद को विराट कोहली का फैन बताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वो ये कह चुके थे कि जिस दिन विराट कोहली उनके पॉडकास्ट में आएंगे, वो उनका आखिरी पॉडकास्ट होगा।

यूट्यूबर रणवीर ने माता-पिता और परिवार को लेकर अश्लील टिप्पणी की थी। इसके बाद उन्हें और समय रैन और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा शो के आयोजकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। हंगामें के बाद कॉमेडियन समय रैन ने चुप्पी तोड़ते हुए बुधवार को बताया कि उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल से शो के सभी वीडियो हटा दिए हैं।

# इंग्लैंड टीम पर भड़के दिग्गज केविन पीटरसन, इस कारण अंग्रेजों को लताड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंग्लैंड टीम को भारत दौरे पर बहुत बुरी असफलता देखने को मिली। भारत के खिलाफ पहले पांच मैंचों की टी20 सीरीज में 4-1 से करारी शिकस्त झेलने का मिली। उसके बाद वनडे सीरीज भी उसे 3-0 से गंवानी पड़ी। इस दौरान अहमदाबाद वनडे में कमेंट्री के दौरान पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने खुलासा किया कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने पूरी सीरीज में केवल एक प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज केविन पीटरसन को अपने देश की टीम का ये फैसला खंजर की तरह चुभ रहा है।

पीटरसन इंग्लिश टीम पर जमकर भड़के हैं। उन्होंने इंग्लिश खिलाड़ियों को प्रतिबद्धता की कमी पर आड़े हाथ लिया। पीटरसन ने डिज्नी+हॉटस्टार पर इंग्लैंड की हार के बाद कहा कि, रवि शास्त्री और मैं ऊपर बात कर रहे थे कि इन लोगों ने कम से कम पिछले हफ्ते प्रैक्टिस तो की होगी। उन्होंने सिर्फ नागपुर मैच से एक दिन पहले एक प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। उसके बाद से उन्होंने अभ्यास नहीं किया। केवल एक बल्लेबाज जो रूट ने नेट पर अभ्यास किया था। मुझे अफसोस है लेकिन आप उपमहाद्वीप में आकर वही गलतियां नहीं कर सकते। फिर तय करते हैं कि प्रैक्टिस नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि, कोई भी खिलाड़ी चाहे वह पुरुष हो या महिला, ऐसा नहीं है जो किसी सीरीज में जाने के बाद तय करे कि मैं प्रैक्टिस के बिना बेहतर हो जाऊंगा। मुझे बेहद अफसोस हो रहा।

# जसप्रीत बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टीम इंडिया को उस वक्त 440 वोल्ट का झटका लगा, जब धाकड़ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए। वह पीठ के निचले हिस्से में चोट से जूझ रहे हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांचवें और आखिरी टेस्ट के दौरान चोटिल हुए थे। संभावना जताई जा रही थी कि बुमराह 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी तक फिट हो सकते हैं।

लेकिन बीसीसीआई ने हाल ही में अपडेटेड भारतीय स्क्वॉड से जसप्रीत बुमराह का नाम हटा दिया। उनके रिप्लेसमेंट के रूप में पेसर हर्षित राणा आए हैं। अब टीम इंडिया के हेड को गौतम गंभीर ने बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर चुप्पी तोड़ी है। गंभीर ने अमहदाबाद में तीसरे वनडे के बाद कहा कि, जाहिर है कि वह बाहर हो गए हैं। लेकिन मैं आपको सारी डिटेल नहीं दे सकता क्योंकि ये मेडिकल टीम पर निर्भर करता है कि वह कितने समय तक बाहर रहेंगे। एनसीए में मेडिकल टीम ही निर्णय लेती है। कोच ने कहा कि, जाहिर है कि




हम उन्हें टीम में चाहते थे। हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं। वह एक वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं। हालांकि, कुछ चीजें आपके हाथ में नहीं होती। ये युवा खिलाड़ियों, जैसे हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह के लिए एक अवसर है। कभी कभी ये ऐसे अवसर होते हैं जिनकी आपको तलाश होती है। हर्षित ने पूरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कुछ अहम विकेट लिए हैं। हम सभी जानते हैं कि अर्शदीप क्या कर सकते हैं। हां बुमराह की कमी हमेशा खलेगी। लेकिन शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ी का वापस आना हमेशा अच्छा होता है। बता दें कि हर्षित ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड वनडे सीरीज में तीन मैचों में कुल 6 विकेट झटके। अर्शदीप को एक मैच खेलने का मौका मिला। उन्होंने अहमदाबाद में दो शिकार किए। अनुभवी पेसर शमी ने दो मुकाबलों में दो विकेट लिए। वह आखिरी वनडे में भारतीय प्लेइंग का हिस्सा नहीं थे। भारत ने मंगलवार को अपने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय स्क्वॉड में दो बदलाव किए। हर्षित के अलावा मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की स्क्वॉड में एंट्री हुई है। उन्हें बल्लेबाज यशस्वी जायसवला की जगह शामिल किया गया।

**चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत का अपडेटेड स्क्वॉड**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रविंद्र जडेजा।

# आईसीसी ने लगाया इन तीन पाकिस्तानियों पर भारी जुर्माना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईसीसी ने पाकिस्तान के तीन खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया है। उसने शाहीन अफरीदी, सउद शकील और कामरान गुलाम को सजा सुनाई है। आईसीसी ने गुरुवार को एक्स के जरिए इसकी जानकारी शेयर की। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को त्रिकोणीय सीरीज के तीसरे मुकाबले में 6 विकेट से हरा दिया था। इस मुकाबले के दौरान तीनों ने आईसीसी के नियमों को तोड़ा था। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के मैच के दौरान ये तीनों ही खिलाड़ी आक्रामक अंदाज में आ गए थे। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। आईसीसी ने शाहीन पर 25 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया है। शाहीन मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी मैथ्यू ब्रीत्जके से भिड़ गए थे। इन दोनों के बीच काफी बहस हुई थी। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए गए थे। आईसीसी ने




इसी वजह से शाहीन शाहीन को सजा सुनाई है।

आईसीसी ने सउद शकील और कामरान गुलाम पर 10-10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया है। कामरान सब्स्टीट्यूट फील्डर के रूप में मैदान पर आए थे। दक्षिण अफ्रीका की पारी के 29वें ओवर के दौरान टेम्बा बावुमा के रन आउट कर दिया गया। इसके बाद दोनों ने बावुमा के पास आकर आक्रामक अंदाज दिखाया था। इन दोनों ने आईसीसी के नियमों को तोड़ा है। इसी वजह से सजा दी गई है। इन सभी खिलाड़ियों को एक-एक डीमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।

एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन

# 'मन में सही भाव से ही जीवन में आनंद होगा'

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राज्य आनंदम संस्थान द्वारा कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय अधिकारियों की एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि शासकीय सेवा में हम सबका जीवन इतना बंध गया है कि हमें स्वयं के संबंध में सोचने का समय नहीं मिलता है। हर व्यक्ति को प्रतिदिन अपने लिए कुछ न कुछ समय अवश्य देना चाहिए। स्वयं की अच्छाईयों को और बेहतर करने तथा कमियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। यदि हमें कोई व्यक्ति छोटी सी भी सहायता देता है तो मन में कृतज्ञता का भाव अवश्य होना चाहिए। हर व्यक्ति को घर, परिवार, समाज, कार्यालय और जहाँ उसे अवसर मिले वहाँ दूसरों की मदद जरूर करें। इससे मन में जो आनंद की अनुभूति होती है उसे केवल महसूस ही किया जा सकता है। हमारे मन में कटुता, ईर्ष्या और क्रोध जैसे भाव कमियों के रूप में प्रकट होते हैं। मन में जब सही भाव होगा तभी आनंद होगा। मन में दया, क्षमा, करूणा और सहयोग की भावना का विकास करें। हम सबमें यह भावना ईश्वर ने दी हुई है। अपने मन के अंदर इनकी खोज करके इन्हें प्रतिदिन के जीवन में अमल में लाना है। आनंदम कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम आत्मावलोकन करके अपने जीवन की कमियों को दूर करें और जीवन को नई दिशा दें।



कमिश्नर ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में दुख और सुख दोनों होते हैं। हमें अपनी खुशियों के कारण स्वयं तलाशने होंगे। हम किसी को दुखी न करें और परिस्थितियों के अनुसार आचरण करें। यदि कोई भूल हो जाती है तो अपना अहंकार त्यागकर निर्मल मन से क्षमा मांग लें। हमें क्षमा मांगना और क्षमा करना दोनों आना चाहिए। जीवन अनमोल है। इसके हर क्षण का आनंद लेना चाहिए। हमने दिन भर क्या कुछ किया इसका प्रतिदिन मूल्यांकन करना चाहिए। जीवन के उद्देश्य और जीवन के प्रति दृष्टिकोण सही होगा तो मन में सदैव अच्छे भाव आएंगे। क्रोध अथवा ईर्ष्या के भाव क्षणिक होंगे और हम जीवन का वास्तव में आनंद ले सकेंगे।

कार्यशाला में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि हमारी प्राचीन परंपरा में संयुक्त परिवार में लालन-पालन होने से हमें जो संस्कार आते थे उनसे स्वाभाविक रूप से स–ुणों का विकास होता था। हम अपनी कमियों और असफलताओं को ईश्वर को समर्पित करके फिर से सकरात्मक दृष्टिकोण से कार्य करने लगते थे। अब माइक्रो परिवारों में इन संस्कारों का मिलना बहुत कठिन है। रामचरित मानस घर-घर पढ़ी जाती थी। रामचरित मानस हमें जीवन मूल्यों और आदर्शों की शिक्षा देती है। अब हम केवल मनोरंजन और यांत्रिक पाठ के रूप में रामचरित मानस पढ़ते हैं। इसे पढ़कर मनन करने और हृदय की गहराईयों में उतारने की आवश्यकता है। कार्यशाला में आनंदम विभाग के संचालक सत्यप्रकाश आर्य ने कहा कि अपने जीवन के मैनेजर हम स्वयं ही हैं। अपने गुणों, समय और आचरण का सही प्रबंधन करेंगे तो जीवन में आनंद अवश्यक मिलेगा। हम जो सोचते हैं और निर्णय लेते हैं उसके जिम्मेदार भी हम ही हैं। कभी-कभी संगीत सुनने, पर्यटन, कुछ अच्छा खाने से जो मजा मिलता है उसे हम आनंद मान लेते हैं। आनंद तब मिलता है जब हम अपने मन की ओर देखते हैं। भौतिक जीवन की आधुनिकतम सुविधाओं में जो हैं उनसे भी अधिक सुख उन लाखों साधु-संतों के पास है जो एक लंगोटी में घूम रहा है। उन्हें अपने जीवन का उद्देश्य, मन का भाव और जीवन का आनंद मिल गया है। जीवन को सही दिशा देने के लिए अपने आप से कनेक्शन करें, कमियों का करेक्शन करें और जीवन को सही डायरेक्शन दें।

कार्यशाला में आनंदम विभाग के प्रशिक्षकों ने छोटी-छोटी लघु फिल्मों, नुक्कड़ नाटक तथा अन्य माध्यमों से जीवन में प्रतिदिन की छोटी-छोटी घटनाओं से तनाव के कारण, परिवार और समाज में हमारे रिश्ते, आत्मावलोकन की पद्धति और छोटी-छोटी बातों से सुख की अनुभूति के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यशाला में प्रशिक्षक साक्षी सहारे, पुनीत मैनी, संजय पाण्डेय तथा प्रदीप महतो ने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने तथा आनंद की अनुभूति के संबंध में रोचक बातें बताई। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों को कमिश्नर तथा प्रभारी आईजी ने प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यशाला का संचालन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर गोविंद नारायण श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह, जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय डॉ विभा श्रीवास्तव, आनंदक तथा समाजसेवी डॉ. मुकेश येंगल तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लंबित आवेदन आज तक दर्ज होंगे

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय के डीन, प्राचार्य और नोडल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों के वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के ऑनलाइन आवेदन के लिए एमपी टॉस पोर्टल 31 जनवरी 2025 तक खोला गया था, जिसे 15 फरवरी तक के लिए पुनः खोलकर अंतिम अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिए लंबित हैं उनके आवेदन निर्धारित अवधि तक पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के नवीनीकरण व नवीन छात्रों के आवेदन कराकर नोडल अधिकारी के माध्यम से सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा है कि यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति तथा आवास सहायता के लाभ से वंचित रहता अथवा इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था प्रमुख एवं नोडल प्रभारी की होगी और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में खिलाई दवा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यकम अंतर्गत मऊगंज जिले के विकासखण्ड हनुमना में 10 फरवरी से व अन्य संस्थानों में बूथ बनाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा रहा है। विकासखण्ड हनुमना में 490 टीमों के 1077 दवा सेवको व सुपरवाइजरो की ड्यूटी लगाई गई है जो स्कूलों एवं संस्थाओं मे जाकर फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराने के साथ ही दवा सेवन से इंकार कर रहे लोंगों को दवा सेवन हेतु प्रेरित कर रहे हैं। अभी तक 58541 लोगो को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा चुका है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि 15 फरवरी से टीमों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को दवाओं का सेवन कराया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु ब्लाक स्तर से मानिटिंरिग सुपरवीजन दल व रैंपिड रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है। जिला प्रशासन मऊगंज द्वारा समस्त हनुमना वासियों से अपील की गई है कि शासन द्वारा खिलाई जाने वाली यह दवा पूर्णतः सुरक्षित व असर कारक है। अतः सभी लोगों फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर अपना व अपने परिवार जनो को फाईलेरिया बीमारी से सुरक्षित रखते हुए फाईलेरिया मुक्त हनुमना में सहयोग प्रदान करे।

## प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से अवैध वसूली पर होगी एफआईआर



### नगर निगम कमिश्नर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के रास्ते प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से नगर निगम सीमा में एंट्री के नाम पर अवैध वसूली होती थी। जिस पर अब नगर निगम कमिश्नर सौरभ सोनवड़े ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक एक ओर जहां पूरा सरकारी तंत्र श्रद्धालुओं की आवभगत में लगा हुआ था, वहीं दूसरी तरफ नगर निगम सीमा में एंट्री के नाम से श्रद्धालुओं के वाहनों से अवैध वसूली की जा रही थी। जिसकी खबर भास्कर द्वारा प्रमुखता से दिखाई गई थी। जिसका असर हुआ है और नगर निगम कमिश्नर ने वसूली कर रहे व्यक्ति के ऊपर एफआईआर के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम कमिश्नर सौरभ संजय सोनवड़े ने बताया कि 2 दिन पहले सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला था कि नगर निगम के नाम पर प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं से अवैध वसूली की जा रही थी। जिसके बाद संबंधित संविदाकार का ठेका निरस्त कर दिया गया है। पहले भी इसका ठेका निरस्त किया गया था लेकिन हाईकोर्ट से स्टे ले लिया था। जिसका 2 दिन पहले कोर्ट से स्टे भी कैंसिल कर दिया गया है।

अब नगर निगम द्वारा अवैध वसूली कर रहे संविदाकार का ठेका निरस्त कर निविदा निकालने की कार्यवाही की जा रही है। जहां अब अवैध वसूली पूरी तरह से बंद हो चुकी है। नगर निगम महापौर अजय मिश्रा बाबा ने बताया कि शहर की अवैध वसूली पूरी तरह से बंद है। सिर्फ हाथ ठेला व्यापारियों से 800 रुपए एकमुश्त राशि लेकर उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। बाकी किसी से कोई अतिरिक्त राशि नहीं ली जाती है।

सैनिक स्कूल में अनुशासनहीनता पर कड़ा एक्शन

## पूरी 12वीं क्लास सस्पेंड, अपर कलेक्टर के पास पहुंचे स्टूडेंट्स, बोले- सभी कैसे दोषी हो सकते हैं?

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के सैनिक स्कूल में अनुशासनहीनता के आरोप में 12वीं कक्षा के सभी 72 स्टूडेंट्स को एक साथ सस्पेंड कर दिया गया है। दरअसल, गुरुवार देर रात स्टूडेंट्स क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान गलती से गेंद एक शिक्षक की कार के शीशे से टकरा गई, जिससे शीशा टूट गया। यह देख शिक्षक ने छात्रों को फटकार लगाई। इसके बाद छात्रों और शिक्षक के बीच तीखी बहस हुई, जिससे मामला बढ़ता चला गया।





शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्रों को निलंबित कर परिसर से बाहर कर दिया। इसके बाद छात्र अपने सामान के साथ अटल पार्क पहुंच गए और समूहों में बंटकर जिला कलेक्टर और संभाग आयुक्त से मिलने का प्रयास किया। हालांकि, उनकी मुलाकात अपर कलेक्टर सपना चौधरी से हुई, जिन्होंने मामले के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और स्कूल प्रबंधन से बातचीत करने की बात कही।

**प्राचार्य बोले- अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं:** सैनिक स्कूल के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने कहा, "विद्यालय के लिए छात्रों का भविष्य प्राथमिक है, लेकिन अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 72 छात्रों को सस्पेंड किया गया है और मुख्य परीक्षा से पहले उन्हें फिर से प्रवेश दे दिया जाएगा।"

इधर, नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर कुछ स्टूडेंट्स ने कहा, "पूरी क्लास को सस्पेंड करना सरासर अन्याय है। एक दो बच्चे गलत हो सकते हैं लेकिन पूरी की पूरी क्लास कैसे गलत हो सकती है? हमारे एग्जाम नजदीक हैं, और हम भविष्य को लेकर चिंतित हैं। फरवरी में नए स्कूल में एडमिशन मिलना मुश्किल है। अगर परीक्षा में बैठने से रोका गया, तो हमारा पूरा साल बर्बाद हो जाएगा।"

**अपर कलेक्टर बोलीं- स्कूल प्रबंधन से बातचीत करेंगे:** अपर कलेक्टर सपना चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में है और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए स्कूल प्रबंधन से बातचीत कर रहे हैं।

## उपभोक्ता सहकारी भण्डार के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम निर्धारित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा संध्या उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 40 रीवा के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। ओपी श्रीवास्तव रिटर्निंग आफीसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु नामांकन 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक सोसायटी कार्यालय में जमा किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 22 फरवरी को की जायेगी तथा 23 फरवरी को शाम 3 बजे तक नामांकन वापस लिये जा सकते हैं। मतदान 28 फरवरी को प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक संपन्न होगा मतदान के आधे घण्टे के उपरांत मतगणना की जायेगी। इसी क्रम में रिक्त स्थानों का सहयोग एक मार्च को होगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की सूचना 4 मार्च को जारी होगी तथा उनका निर्वाचन 7 मार्च को होगा।

## जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** लोक जैव विविधता पंजी" निर्माण के उद्देश्य से जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक जनपद पंचायत रीवा के सभागार में जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता यादव एवं श्रीमती अर्चना शुक्ला अध्यक्ष जैवविविधता प्रबंधन समिति की उपस्थिति में आयोजित की गई। प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर प्रो. स्कन्द मिश्रा द्वारा पंजी निर्माण के महत्व, एकत्रित किए जाने वाले प्रमुख आंकड़ों एवं पंजी निर्माण की उपयोगिता की जानकारी दी गई। बैठक में पंजी के निर्माण हेतु जनपद क्षेत्र के सेक्टर के अनुसार पंचायतों एवं ग्रामों के जैव विविधता से संबंधित आंकड़ों को एकत्रित करने हेतु पद्धतियो एवं रूपरेखा पर भी चर्चा हुई।

## राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 16 को, बनाये गये 12 केन्द्र

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की जा रही है। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा आयोजन के दौरान रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियों व तैयारियों के संबंध में भोपाल से वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। रीवा जिले में प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केन्द्र राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं। इनमें गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर एक एवं दो धोबिया टंकी, टीआरएस कालेज, शासकीय कन्या हाईस्कूल पाण्डेन टोला, शासकीय पीके कन्या हायर सेकण्डरी सीएम



राइज स्कूल, शासकीय एसके कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल फोर्ट रोड शामिल हैं। शासकीय मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक तीन, शासकीय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक दो यूनिवर्सिटी रोड, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय माडल साइंस कालेज, शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक तथा शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा शामिल हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्यों को प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है। सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षार्थियों की निर्धारित संख्या के अनुसार परीक्षा केन्द्र में इनके बैठने की समुचित व्यवस्था करें। परीक्षा केन्द्र में पेयजल, साफ-सफाई तथा बिजली की नियमित आपूर्ति की भी व्यवस्था करें। परीक्षा केन्द्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल तैनात किया जाएगा। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये गये। एनआईसी में संभागीय प्रेक्षक श्री विपिन ब्योहार, संयुक्त कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी पी.के. पाण्डेय सहित केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

## संस्कृत विश्वविद्यालय का 45 करोड़ रुपये से होगा विकास



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा कैंपस के अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा को एक प्रभावी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह संस्थान सांस्कृतिक सशक्तीकरण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एमपी बीडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिये प्रस्ताव पर तेज गति से कार्यवाही की जाये। बैठक में ईएनसी एमपीबीडीसी श्री अनिल श्रीवास्तव और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण बाग के समीप पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय, रीवा कैंपस में 45 करोड़ रुपये से अधिक लागत के अधोसंरचना विकास कार्य किए जाएंगे। इसमें 8 करोड़ रुपये की लागत से 600 छात्र क्षमता वाला अकादमिक ब्लॉक, 4.80 करोड़ रुपये की लागत से प्रशासनिक भवन, 6.42 करोड़ रुपये की लागत से 100 सीटर बॉयज़ हॉस्टल और 50 सीटर गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण शामिल है।

## दिव्यांगजन की सलाह से बनाया जाएगा "सुगम वातावरण"

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनोमाघरों में उनकी सुविधानुसार किस तरह का सुगम्य वातावरण होना चाहिए। इस निर्णय में उनकी सलाह महत्वपूर्ण होगी। इसके लिये प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर्स के सहयोग से दिव्यांगजन की "सुगम्य यात्रा" का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में चुनिंदा दिव्यांगजन को शासन व्यवस्था के अनुसार वाहन उपलब्ध कराकर सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं आयुक्त निःशक्तजन श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में "सुगम्य यात्रा" निकाली जाएगी। इसमें दिव्यांगजन को सरकारी भवनों, कलेक्ट्रेट, तहसील, नगर पालिका, नगर निगम सहित अन्य शासकीय कार्यालयों, सिनेमा घरों, आम पर्यटन स्थलों, पुस्तकालयों, बाजारों सहित अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर दिव्यांगजन उपलब्ध साधन सुविधाओं की जमीन हकीकत को देखेंगे। इन स्थानों के भ्रमण के बाद दिव्यांगजनों द्वारा दी गई सलाह, सूचनाओं का संकलन किया जायेगा, जिनका उपयोग भारत सरकार द्वारा भविष्य में बनाई जाने वाली शहरी विकास नीतियों, डिजाइनिंग एवं विकासात्मक रणनीतियों में शामिल किया जायेगा, जो भविष्य में इस वर्ग के लिये अनुकूल वातावरण निर्माण में सहायक होगी। यात्रा के फोटो "यस टू एक्सेस" एप पर अपलोड कर सकेंगे। प्रमुख सचिव ने बताया कि यह सुगम्य यात्राएं प्रत्येक जिले में 2-4 दिन तक आयोजित की जायेगी।

## सदस्यता सूची के संबंध में आपत्तियाँ 20 तक आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रियंका प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 8 बोदाबाग के संचालक के सदस्यों की सूची सहायक पंजीयक कार्यालय में प्रदर्शित कर दी गई है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विकास माठे ने बताया कि सूची के संबंध में दावे आपत्तियाँ 20 फरवरी तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे किया जायेगा।

उप मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य सेवा प्रदाय एवं भर्ती प्रक्रिया की वृहद समीक्षा

## शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए और प्रसव पूर्व जांच के माध्यम से हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध रूप से सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जरूरी है। जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार लाया जा सके।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिये सेवा प्रदाय एवं भर्ती प्रक्रिया की वृहद समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य मानकों को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आधुनिक चिकित्सा अवसंरचना, अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में अभूतपूर्व प्रयास कर रही है, स्वास्थ्य विभाग में मानव संसाधन की वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर भर्ती चल रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए ताकि चिकित्सा सुविधाओं का लाभ तेजी से आमजन तक पहुंचे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है। चिकित्सकीय श्रेणी में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 3,689 पदों पर भर्ती की जा रही है। नर्सिंग श्रेणी में 5,762 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। वहीं, पैरामेडिकल एवं तकनीकी स्टाफ के तहत 454 लैब टेक्नीशियन, 114 रेडियोग्राफर, 21 फिजियोथेरेपिस्ट और 8 काउंसलर के पद कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भरे जा रहे हैं। इसके अलावा, 1,744 सीधी भर्ती के अविज्ञप्त पदों की पूर्ति के लिए भी मांग पत्र भेजा गया है। संचालक (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) श्री दिनेश श्रीवास्तव, संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा (नर्सिंग एवं पैरामेडिकल) श्री मनोज सरियाम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।